हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

## बारिश के भी बने आसार

बढ़ती ठंड के बीच इधर मौसम के फिर से बदलने की संभावना भी जताई जा रही है। मौसम विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बारिश होने से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में कुछ इजाफा देखने को मिल सकता है।

## बढ़ती ठंड से बचने अलाव का सहारा, सुबह कोहरे से विजीबिलीटी भी घटी

### दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर से ठंडा नांदगांव

इस साल जहां राजनांदगांव जिले में गर्मी भी अधिक देखने को मिली। अब ठंड भी गजब की पड़ रही है। आलम यह है कि 7.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश के सबसे ठंडे इलाकों में बना हुआ है। आंकड़ों पर नजर डाले तो दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से भी ठंडा बना हुआ है। राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री पर पहुंच गया है।





## सामान्य से 6.7 डिग्री नीचे लुढ़का तापमान

# कंपकंपाने लगी ठंड: 7 डिग्री पर पहुंचा अंचल का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में नमीयुक्त हवाओं के आगमन का ऐसा असर हो रहा है कि लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अंचल में रात का पारा लुढ़ककर सात डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से 6.7 डिग्री तक नीचे है। अचानक इतनी ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों का बाजार भी गुलजार हो गया है। हालांकि अगले 48 घंटे में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा होने के संकेत बताए गए हैं।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ 16, 19 और 22 दिसंबर को एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है। इसके और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से प्रदेश हवा की दिशा में परिवर्तन होने की संभावना है। साथ ही प्रदेश के वातावरण में नमी मात्रा बढ़ने की संभावना है। परिणामस्वरूप अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि संभावित है। उसके बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो डिग्री के उतार-चढ़ाव के साथ बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## कांग्रेस नेता को मंच पर जाने से मना करने पर विवाद, मंच के पीछे से निकले विधायक

# करमतरा गांव में माता देवाला यात्रा के दौरान मचा बवाल, तीन कलाकार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम करमतरा गांव में आयोजित माता देवाला यात्रा के समापन कार्यक्रम के मंच पर कांग्रेसियों के बीच जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान तीन कलाकार मारपीट में घायल हो गए। इधर विवाद को बढ़ता देख विधायक दलेश्वर साहू मंच के पीछे से कार्यक्रम छोड़कर रवाना हो गए। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में माता देवाला यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा की शुरूआत इस विस के छुईखदान गांव से हुई थी और रविवार को करमतरा गांव में इसका समापन कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें अलका चंद्राकर का जगराता और पटपर वालों के जस गीत-झांकी का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के मंच पर विधायक दलेश्वर साहू सहित पूरा परिवार उपस्थित था। बताया जाता है कि गांव के कांग्रेस नेता रामकुमार साहू जब मंच पर चढ़ रहे थे तो वहां मौजूद पुलिस जवान ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेता के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेसी नेता रामकुमार ने जब पुलिस द्वारा की गई बदसूलकी की जानकारी मंच पर बैठे विधायक दलेश्वर और उसके पुत्र से की तो उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई। जिससे रामकुमार साहू सहित पूरा गांव आक्रोशित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंच पर चढ़कर जमकर बवाल भी मचाया। गुस्साए ग्रामीण डोंगरगांव के कांग्रेस नेता सद्दाम खत्री को खोज रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सद्दाम खत्री ने ही पुलिस को रामकुमार को मंच से उतारने के लिए कहा था। इस दौरान तीन कलाकारों के साथ भी उन्होंने बेदम मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। घायल कलाकार को ग्रामीणों द्वारा मौके से बचाकर बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया गया है। कलाकार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराने की जानकारी सामने आई है। मामले की अब तक पुलिस में किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है। माहौल को बिगड़ता देख विधायक दलेश्वर साहू अपने परिवार के साथ मंच के पीछे से निकल गए।



### विधायक साहू ने कहा: नशे में थे उपद्रवी

विधायक दलेश्वर साहू ने बताया माता देवाला कार्यक्रम के दौरान कुछ उपद्रवियों ने नशे में धुत होकर बवाल मचाया है। मैं यदि समय पर वहां से नहीं निकलता तो गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती। ग्रामीणों ने पुलिस को भी बंधक बना लिया था। सीएसपी से मैंने कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सुरक्षा मांगी थी, लेकिन दो जवान को ही भेजा गया था। पुलिस की लापरवाही इस घटना में उजागर हुई है।

### कांग्रेसियों ने मचाया हंगामा

करमतरा में माता देवाला यात्रा कार्यक्रम के दौरान मंच पर कांग्रेसियों द्वारा हंगामा करने की जानकारी मिली थी। पुलिस जवानों द्वारा किसी से कुछ बदसूलकी नहीं की गई है। मंच छोटा था, भीड़ अधिक होने से बवाल हुआ होगा। मामले की अब तक किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। शिकायत होने पर मामले की जांच करेंगे।

**- नवरतन कश्यप,**
टीआई, लालबाग थाना

### पुलिस जवानों को बनाया बंधक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीण इस मामले से इतने अधिक आक्रोशित थे कि उन्होंने पुलिस के दो जवानों को भी बंधक बना दिया था। विधायक दलेश्वर साहू ने आनन-फानन में लालबाग टीआई को फोन के जरिये घटना की जानकारी दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बंधक बने जवानों को छुड़वाया।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का नवीनीकरण 31 तक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत श्रमिक नवीनीकरण के पश्चात मंडल द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ ले सकते हैं। निर्माणी श्रमिक नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर एवं जनपद पंचायत के श्रम संसाधन केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं तथा श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से भी नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# गठन के डेढ़ साल बाद भी परिसीमन नहीं, घुमका में अटकेगा निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर में निकाय चुनाव की तैयारियां जारी है। आरक्षण की प्रक्रिया तक कार्रवाई पहुंच चुकी है, लेकिन जिले के घुमका नगर पंचायत में चुनाव की कोई तैयारी नहीं है। डेढ़ साल पहले गठन होने के बाद भी अब तक परिसीमन तक नहीं हो पाया है। हालात यह है कि घुमका नपं के पंद्रह वार्डों में बराबर मतदाता तक तय नहीं हो पाए हैं। वहीं हाल ही में प्रशासन ने परिसीमन को लेकर टीम का गठन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछली प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल पहले सितंबर 2023 में घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दे दिया था। जिसके तहत यहां भी नगर पंचायत चुनाव के अंतर्गत पंद्रह वार्डों में चुनाव कराए जाने हैं। बाकी सभी निकायों में जुलाई महीने में परिसीमन की कार्रवाई कर ली गई थी, परन्तु घुमका में उस दौरान ऐसा नहीं हो पाया। ऐसे में अब चार महीने की देरी से दिसंबर महीने में प्रशासन परिसीमन की कार्रवाई कर रहा है।

### जिपं क्षेत्र भी बना दिया था

एक तरफ जहां नगर पंचायत बनने के बाद घुमका में अब तक परिसीमन की कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं दो महीने पहले हुए जिला पंचायत क्षेत्रों के परिसीमन के दौरान घुमका को नगर पंचायत होने के बावजूद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 बना दिया गया था। विरोध होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और उस परिसीमन को बदला गया। अब यहां के पंद्रह वार्डों की सीमाएं तय करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सगाई से लौटते समय सड़क हादसा एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खुशी का पल उस वक्त मातम में बदल गया, जब सगाई कार्यक्रम संपन्न कर वापस लौटते समय एक कार पलटने से परिवार के ही एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खबर पाकर परिवार सहित पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया निवासी रजक परिवार रविवार को सगाई कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम देवकर गया था। कार्यक्रम संपन्न कर परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण शाम को अपने गांव वापस लौट रहे थे। जिसमें शामिल लगभग आधा दर्जन लोग शामिल थे। सभी की उम्र 20 से 25 के लगभग होना बताया गया, जो कार क्रमांक सीजी-07-बीओ-5667 में आ रहे थे, तभी रात करीब साढ़े 11 बजे नर्मदा अतरिया के मध्य पेट्रोल पंप के सामने कार चालक का किसी कारणवश वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार तेज गति से खेत में जाकर बबूल पेड़ से टकराकर पलट गई। कार की रफ्तार काफी अधिक तथा जोरदार टक्कर से वाहन का परखच्चा उड़ गया। जैसे-तैसे कुछ



युवक पलटी कार से बाहर निकलकर साथियों को बाहर निकाला और 112 को घटना की सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आया, जहां एक युवक फलेन्द्र रजक पिता बालमुकुंद रजक 20 वर्ष को मृत घोषित किया गया। दो युवक को गंभीर चोंट आई थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया। शेष युवकों को सामान्य चोंट आई थी, जिसे उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। गंडई पुलिस मामले को विवेचना में लिया है। बताया गया कि बीते कुछ साल में युवक इससे पहले दो बार की दुर्घटना में गंभीर चोंट लगने के बाद भी मौत को चकमा दे दिया था, परन्तु इस बार की सड़क दुर्घटना में युवक की जान चली गई।

**बुझ गया घर का चिराग :** दुर्घटना में रजक परिवार का चिराग बुझ गया। मृतक युवक फलेन्द्र अपने घर में दो बहनों का इकलौता भाई था, जो काफी हंसमुख और मिलनसार युवक था। बताया गया कि युवक कार पलटने से पहले ही वाहन से बाहर गिर गया था। जिससे उसको गंभीर एवं अंदरूनी चोंट लगा था। पीएम में युवक के सिर पर गंभीर चोंट लगने की वजह से मौत होना पाया गया। उसकी मौत की खबर से गांव गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। दोपहर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिला सुराग

# घर की कुंडी तोड़कर चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


घर का कुंडी तोड़कर घर के सामान सहित आभूषण चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी हिमांशु जैन पिता स्व. डॉ. चंद्रकुमार जैन 39 साल निवासी साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमि सीपत रोड बिलासपुर ने 9 दिसंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड बिलासपुर में मुख्य सर्तकता अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। 8 दिसंबर को करीबन 11 बजे प्रार्थी के पड़ोसी मनमोहन तिवारी द्वारा प्रार्थी को फोन कर बताया कि आपके दुर्गा चौक राजनांदगांव स्थित पैतृक मकान के पीछे कमरे का लाईट जल रहा है। प्रार्थी सूचना पाकर अपने सहयोगी को अपने घर की चाबी लेकर भेजा। घर का मुख्य दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ, घर के सभी कमरा के आलमारी खुले हुए हैं एवं सामान बिखरा मिला। प्रार्थी 8 दिसंबर के करीबन शाम 6 बजे बिलासपुर से राजनांदगांव अपने घर आया तो दरवाजा खोलकर अंदर घुसकर देखा तो घर के सभी कमरा के आलमारी खुले हुए थे एवं सामान बिखरे हुए थे। घर में रखे 5 जोड़ी सोने का टॉप्स, 2 नग सोने का चैन, एक नग सोने का चैन रूद्राक्ष लगा हुआ, एक सोने का मंगलसूत्र, 4 नग सोने की अंगूठी, चांदी का कुछ बर्तन, एक नग टाईटन कंपनी का हाथ घड़ी, एक नग एलजी कंपनी का एलसीडी टीवी, एक नग फिलिप्स कंपनी का मिक्सी एवं तांबे का मोमेंटों और कुछ सामान जो उसकी जानकारी में नहीं है, जुमला कीमती करीबन 2,48,200 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

विवेचना के दौरान प्रार्थी के मकान के आसपास का सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर आरोपी राजेंद्र सिंह राजपूत को संदेह के आधार पर थाना बसंतपुर लाकर पूछताछ किया गया, जो मुताबिक मेमोरंडम के अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी द्वारा चोरी किए गए मशरूका 1 नग टीवी एलजी कंपनी, 10 नग स्टील का नल, 3 नग छोटी-बड़ी टाईटन कंपनी का हाथ घड़ी और 1 नग रेडमी कंपनी का मोबाइल को जब्त कर आरोपी को 15 दिसंबर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह 18 को

**सोमनी।** ग्राम में आगामी 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विविध आयोजन होंगे। सतनामी समाज के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे व सचिव अश्वनी बंजारे ने बताया कि गुरू घासीदास जयंती पर दोपहर 12 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बाजार चौक मिनीमाता प्रांगण से दीप प्रज्वलित कर निकलेगी। शाम 4 बजे जयस्तंभ पूजा व ध्वजारोहण होगा। शाम 6 बजे से मिनीमाता प्रांगण पर प्रसाद वितरण और अतिथियों का स्वागत और उद्बोधन होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि रात 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया टीम के कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

### विधायक ने दिए पांच लाख

**डोंगरगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित स्पोर्ट्स दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने स्कूल विकास की मांग पर ओपन जिम के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सुदेश मेश्राम, हरीश भंडारी, दशरथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।




### सामाजिक जनगणना शुरू

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज ने रविवार 15 को सामाजिक जनगणना एवं सर्वेक्षण का शुभारंभ पथरिया से किया। शुभारंभ के मौके पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कहा कि यह जनगणना समाज के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इससे समाज के जनसंख्या के अलावा सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। जनगणना से यह भी स्पष्ट होगा कि समाज के किन वर्गों को सहायता देने की आवश्यकता है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि पहली बार जातिगत जनगणना किया जा रहा है जिससे सभी समाजिकजना को लाभ मिलेगा। इस मौके पर अंकेक्षक विमल पटेल, सुरेश सिंगौर, अधीन जंघेल, यमुना प्रसाद वर्मा, कृष्ण कुमार सिंगौर, मुकुंद वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन विश्वनाथ एवं आभार प्रेम प्रकाश राजपूत ने जताया।



### हड़ताल से चरमराई व्यवस्था

**डोंगरगढ़।** निकाय क्रमचारियों की बेमियादी हड़ताल से शहर के सभी 24 वार्डों में सफाई सहित अन्य व्यवस्था प्रभावित हुई है। सड़कों में गंदगी फैलने और नाली की सफाई नहीं से बीमारी के फैलने के आसार दिखाई देने लगे है। वहीं शहर के लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। शहर के चौक चौराहों तथा वार्डों में अंधेरा छाया हुआ है। हड़ताल से व्यवस्था के प्रभावित होने के बाद स्वच्छता अभियान से जुड़ने वाले सामाजिक, धार्मिक संस्था एवं जनप्रतिनिधि कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। लोग सफाई करना तो दूर घर और दुकान के कचरे को सड़क पर फेंक रहे हैं जिससे गंदगी दिन ब दिन बढ़ते जा रही है किन्तु नगर पालिका अस्थाई मजदूरों की व्यवस्था कर सफाई कराने का प्रयास नहीं कर रही है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष तरूण हथेल ने राज्य शासन से कर्मचारियों की मांग पूरा करने का आग्रह किया है ताकि आंदोलन समाप्त हो सके।




### पदयात्री पहुंचे बम्लेश्वरी मंदिर

**डोंगरगढ़।** वृंदावन से पदयात्रा में निकले ऋषभदास महाराज, अजय पांडे, ओम अग्निहोत्री लंबा सफर करते हुए इस दौरान 12 ज्योतिलिंग, 40 शक्तिपीठ, बंग्लादेश, पाकिस्तान के मंदिर के दर्शन करते हुए नगर पहुंचे और उन्होंने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन किया। राज्य के प्रमुख देवालय के दर्शन करते हुए यह लोग पदयात्रा कर नेपाल जाएंगे।



### जयंती कार्यक्रम 20 को

**पटेवा।** मानपुर में आगामी 20 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस दौरान गांव में मंड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ महतारी ग्राम धीरीभांठा का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी मुकेश कुर्रे ने दी। इसी प्रकार ग्राम दर्रा में आगामी 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं मंड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्राम बरही सांकरा का कार्यक्रम होगा।

### नवोदय प्री-टेस्ट का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए लीमो में गत दिनों प्री टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में हाईस्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक शाला के लगभग 330 बच्चे शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन प्रधानपाठक रामदत्त साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान लोकेश साहू, महेंद्र साहू, बिसेश्वर साहू, ललित भुआर्य, शिव श्रीवास्तव, झमित कुंवर, देवराम साहू, मुकेश वर्मा, डोगेद्र वर्मा, गंगाधर साहू और टीकाराम मरकाम मौजूद थे।



### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

**सड़क अतरिया।** बरसात के दिनों में खराब सड़कों की गत दिनों मरम्मत के नाम केवल खानापूर्ति किया गया है। अतरिया गंड़ई के मध्य सैकड़ों छोटे बड़े गड्ढा हो गए हैं। मरम्मत के नाम पर विभाग ने कुछ गड्ढों को पाटा है तो कुछ को छोड़ दिया है। सड़क पर गड्ढा होने से दो पहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का डर बना रहता है। वाहन सवार अक्सर गिर कर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग किया है।



## अव्यवस्था की भेंट चढ़ा स्वास्थ्य शिविर, जमकर परेशान हुए ग्रामीण

# शिविर में भीड़ उमड़ने से सिस्टम बीमार

### जांच और उपचार के लिए कक्ष को ढूंढने में गुजर गया समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सरकार की साल गिरह के मौके पर स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। भीड़ दिखाने के फेर में मितानिन और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से बीमारों के अलावा आम जनों की भीड़ इस कदर एकत्रित कर कर लिया गया कि पूरा सिस्टम ही बीमार हो गया और बहुसंख्यक लोगों को बिना जाँच और उपचार कराए बैरंग लौटना पड़ा।

स्स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। शिविर में जांच और उपचार होने की उम्मीद के साथ दूरदराज से आए महिला पुरुष आयोजन की आलोचना करते लौटे। अव्यवस्था को लेकर लोगों में जमकर तीखी प्रतिक्रिया देखी गई। लोगों का कहना था केवल वाहवाही लेने के चक्कर में जन सामान्य को परेशानी में डाल दिया गया। पहले से ही स्थानभाव का संकट झेल रहे स्वास्थ्य केंद्र में प्रवेश के साथ ही लोगों को दिक्क़तों से दो चार होना पड़ा। चबूतरे में पंजीयन का इंतजाम किया गया था जहां स्थिति यह थी कि लोगों के खडे होने की जगह नहीं बची थी। दूरदराज गांव से आए बुजुर्ग और बच्चों को धूप में बैठकर अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ा।

#### कोसते वापस लौटे ग्रामीण

सुबह करीब 10 बजे से उपचार होने की उम्मीद के साथ आए कई ग्रामीण घंटो अव्यवस्था से बेहाल होने के बाद बिना उपचार कराए ही लौट गए। लोगों का कहना था कि यह शिविर सुविधा के लिए बल्कि लोगों को परेशान और सरकारी पैसे का अपव्यय करने के लिए आयोजित किया गया था।



#### भटकते रहे कक्ष में

लोगों की जाँच और उपचार के लिए अलग अलग कक्ष में प्रबंध जरूर किया गया था किन्तु अधिकांश कक्षों के बाहर ऐसा हुजूम जमा हो गया था कि किसी को यह समझ नहीं आ रहा था कि उन्हें जाना कहां हैं। कक्ष में होने वाली जाँच की जानकारी देने के लिए सूचना जरूर चस्पा किया गया था किन्तु पर्ची बनाने के दौरान सही जानकारी नहीं मिलने से लोगों यहां वहां भटकते रहे। जैसे तैसे किसी की जाँच हो भी रही थी तो उसे दवाई के लिए काफ़ी मशक्कत करना पड़ा। बरगांव से आए रुपु ने बताया कि जैसे तैसे जाँच तो हो गई किन्तु पर्ची में दवाई नहीं लिखा गया। आरगाव से आई महिलाओं ने बताया कि उन्हें कभी चार तो कभी छह नंबर कक्ष में भेजा जा रहा है।

#### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही




एक साल पहले हुए सत्ता परिवर्तन के बाद से भाजपा की सरकार और विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री हैं किन्तु स्वास्थ्य विभाग ने परिसर के बाहर कुछ ऐसे फ्लेक्स लगा रखे थे जो यह बता रहे थे कि मुख्यमंत्री अब भी भूपेश बघेल ही हैं। इन फ्लेक्सों को देखकर भाजपाई भी प्रशासन पर चुटकी लेते रहे।

#### वाहनों से लाया गया लोगों को



केवल और केबल शाबासी पाने के लिए मितानिन और पंचायत प्रतिधियों के माध्यम से ग्रामीणों को वाहनों में भरकर लाया गया था। ग्रामीणों को लाने के पहले यह भी नहीं देखा गया कि वह बीमार हैं या नहीं। अपेक्षा और हॉस्पिटल की क्षमता से ज्यादा लोगों के पहुंचने के कारण पूरा आयोजन अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया।

## देवकट्टा में राशन दुकान खोलने सौंपा ज्ञापन



- 6 माह से आवेदन पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देवकट्टा में संचालित होने वाली राशन दुकान विगत 8 महीना से लंबित है जिसे लेकर 18 महिला समूह की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष माहेश्वरी वर्मा, भारती, मंगेश्वरी, सरस्वती यादव, नीलज, धनेश्वरी, उजाला, भारती, इन्द्रमती, चन्द्रप्रभा, जागेश्वरी, नेहा सेन, निर्मला, किरण, कुंवारियांबाई, हेमाबाई, सेठिया, दुलेश्वरी, देवकी, त्रिलोकबाई, मे बाई आदि ने गत दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पूर्व में देवकट्टा की राशन दुकान सेवा सहकारी समिति अछोली द्वारा संचालित किया जा रहा था। समिति प्रबंधक द्वारा दुकान छोड़ने की बात कहने पर महिला समूह ने फ़ूड अधिकारी के समक्ष आवेदन दिया था किन्तु फ़ूड अधिकारी ने बिना सूचना के बाहर के समूह को राशन दुकान आबंटित कर दिया। महिलाओं के पूछने पर बताया गया कि राशन वितरण जारी रखने के लिए दुकान दूसरे समूह को आबंटित किया गया है। दुकान आबंटन के लिए 90 दिन की प्रक्रिया के बाद सूचना जारी कर आवेदन मंगाया जाएगा किन्तु 6 माह बाद भी दुकान आवंटन की प्रक्रिया चालू नहीं किया गया है। उन्होंने राशन दुकान आबंटित करने की मांग की है।

### 19 को नगरीय निकाय के वार्डों का आरक्षण

**खैरागढ़।** जिले के नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण हेतु विहित प्राधिकारी व कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आम सूचना जारी कर जानकारी दी है कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 के लिए छग नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व महिला) नियम 1994 के प्रावधान तहत जिले के नगरीय निकाय नगर पंचायत छुईखदान और नगर पंचायत गंडई के वार्डों का आरक्षण 19 दिसम्बर गुरूवार को शाम चार बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों नगर पंचायतों के आरक्षण दौरान आम नागरिक उपस्थित रह सकते हैं।

## कर्मचारी सस्पेंड पर ठेकेदारों पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

- जांच होने पर कई और आएंगे कार्रवाई के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद राज्य शासन ने हाल ही में कुछ अधिकारी, कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है किन्तु लगभग 5 करोड़ के निर्माण, सामग्री खरीदी, डीजल-पेट्रोल की खरीदी और स्वास्थ्य श्रृंगार योजना की जांच की जाए तो कुछ और कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने कुछ दिन पहले दो सीएमओ के अलावा अन्य चार के खिलाफ कार्रवाई किया है। इस कार्रवाई के बाद कुछ ठेकेदार भी प्रशासन के निशाने पर आ सकते है।

जानकारी के अनुसार गोबर खरीदी, आवास योजना, शौचालय निर्माण एवं श्रृंगार सफाई योजना में ठेकेदार को फायदा पहुंचाकर कर्मचारियों ने अपना भी जेब गर्म किया है। गौरतलब है कि विभिन्न गड़बड़ियों के उजागर होने के बाद शासन ने तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन, प्रमोद शुक्ला, लेखापाल दीपा भिवगढे, इंजीनियर रितेश स्थापक, किशोर ठाकुर को सस्पेंड किया है।

#### दर्जनों फाइलें गायब

जानकारी के अनुसार गोबर खरीदी, खाद मशीन खरीदी में गडबड़ी के अलावा एक दर्जन से अधिक कार्यों की फाइल को गायब कर भुगतान करने, रायल्टी चोरी एवं सीसी रोड़ में फर्जीवाड़ा की जांच होना बाकी है। जानकारी के अनुसार 2018 से 23 तक बिना कार्य के ही राशि का आहरण कर लिया गया है। इसी प्रकार लाईट खरीदी, गार्डन एवं जिम निर्माण, चेकर टाईल्स लगाने में अनियमितता होने के बाद भी ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। अनियमितता में लिप्त ठेकेदार अब तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। हाल ही में भाजपा नेता के रिश्तेदार को नियमविरूद्ध सड़क निर्माण को ठेका देने का मामला चर्चा में बना हुआ है।

### भाजपा में दो नए मंडल, अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

**डोंगरगढ़।** भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए इस विधानसभा क्षेत्र में दो नए मंडल बनाए गए है। इसी फेरबदल के बाद विधानसभा में छह मंडल हो जाएंगे। सभी मंडलों में शीघ्र ही अध्यक्ष की नियुक्ति होने वाली है।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लाक और डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले मुसरा को नया मंडल बनाया गया है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए यह कदम उठाया है। नियुक्ति के बाद संगठनात्मक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। जानकारी के अनुसार संगठनात्मक चुनाव के तहत सभी 17 मंडल के अध्यक्ष के लिए पेनल तैयार कर लिया गया है। डोंगरगढ़ मंडल में परविंदरसिंग मोंटी, सौमित्र सोनी, जसमित सिंह, प्रिंस कक्कड, मोनू भंडारी, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल में अनिल सिन्हा, पाड़ादाह मंड़ल में गोरेलाल वर्मा, प्रकाश जंघेल, ठेलकाड़ीह मंडल में भोज बंजारे, मंथिर साहू, तिलई मंडल में परदेशी सोनबोईर, घुमका मंडल में नरेन्द्र वर्मा, बल्देव वर्मा के नाम अध्यक्ष के लिए है।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### कालेगोंदी के हिमेश ने 8 मिनट में हल किए 175 सवाल

**गंडई पंडरिया।** कालेगोदी के एक बच्चे ने दिल्ली में अपने गांव का नाम रौशन किया है। कालेगोंदी निवासी श्यामू जंघेल का पुत्र हिमेश जंघेल धमधा स्थित स्काई इंटरनेशन स्कूल में पांचवी की पढ़ाई कर रहा है। उसका चयन यूसीमास इंटरनेशन प्रतियोगिता दिल्ली के लिए हुआ था। उसने अपने बड़े पापा ओमकार जंघेल के साथ दिल्ली जाकर स्पर्धा में भाग लेते हुए गणित के 200 में से 175 सवालों का जवाब 8 मिनट में जवाब देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। उसे शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वह नेशनल स्तर पर अबेकस में मेरिट में आया था।




घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## निकाय चुनावः आरक्षण प्रक्रिया के इंतजार में नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य में शीघ्र ही निकाय चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बाद चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। संभावना है कि 10 से 15 जनवरी के बीच मतदान हो सकता है। नगर पालिका के वार्डों का आरक्षण होने के बाद नए राजनीतिक समीकरण बनेंगे। आरक्षण के बाद कई को पालिका में पहुंचने के लिए वार्ड बदलना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार आगामी पालिका चुनाव में 13386 महिलाएं और 14178 पुरूष मतदाता मतदान करेंगे।

#### दलों में शांति

निकट भविष्य में चुनाव की संभावना के बाद भाजपा- कांग्रेस में अपेक्षित हलचल नहीं देखी जा रही है। अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशियों को लेकर किसी प्रकार की कवायद नहीं हो रही है।

### विचारपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**सड़क अतरिया।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल के नेतृत्व में किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी के विरोध में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कल 17 दिसम्बर को सुबह 11 बजे धान उपार्जन केन्द्र बिचारपुर में आयोजित किया गया है। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस जन, विधायक, पूर्व विधायक, पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि आदि शामिल होंगे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा 20 को

**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा में कबड्डी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 20 दिसम्बर को कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। स्पर्धा में विजेता टीम को 10001 तथा उपविजेता को 7001 रूपए दिया जाएगा। तीसरा एवं चौथा आने वाली टीम को क्रमशः 3001, 2001 दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 301 रूपए निर्धारित है। आयोजक समिति ने क्षेत्र की टीमों से शामिल होने की अपील की है।

### झितराटोला मड़ई 28 को

**कुमरदा।** ग्राम पंचायत झितराटोला में आगामी 28 दिसंबर को मंडई मेला आयोजित किया गया है। रात्रि में ग्राम निपानी की बलराम गोपाल नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख पतिराम साहू ने देते हुए आसपास के लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

### खरीदी केंद्रों व पंचायत भवन में किसान पंजीयन

**खैरागढ़।** शासन के निर्देशानुसार व कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत कृषक पंजीयन किया जाएगा। जिसके तहत जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों व पंचायत भवन में शिविर का आयोजन करने समय सारणी निर्धारित किया गया है। शिविर जिले में 11 से शुरू हो गया है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा। किसान वर्ग निर्धारित स्थान में दस से पांच बजे तक उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। शिविर संचालन खैरागढ़ के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र बाजार अतरिया, अमलीडीह कला, भूलाटोला, अमलीपारा, सिंगारघाट, ईटार, कामठा, जालबांधा, टोलागांव, डोकराभाटा, छुईखदान अंतर्गत धान खरीदी केंद्र उदयपुर, रोड अतरिया, गोपालपुर, बीरूटोला, श्यामपुर, झुरानदी, बुंदेली, सिलपट्टी, गंडई अंतर्गत धान खरीदी केंद्र गंडई, लिमो, पैलीमेटा, मोहगांव, चकनार, बरबसपुर, दनिया, ठंडार, कांशीटोला और साल्हेवारा अंतर्गत खरीदी केंद्र बकरकट्टा, साल्हेवारा, रामपुर, आमगांव, सहसपुर, कुम्हारवाडा अलावा ब्लाक अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत भवनों में किया जाएगा। कृषक पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजो में बी 1, खसरा, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड से लिंक हो अनिवार्य किया गया है।

## निधन

### फलेन्द्र रजक



**सड़क अतरिया।** ग्राम के 20 वर्षीय फलेन्द्र रजक का रविवार रात एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वह बालमकुन्द रजक का इकलौता पुत्र था। सोमवार दोपहर को उसकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में परिजन, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दर्जनों सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने के कगार पर

# खरीदी तेज पर सुस्त परिवहन से परेशानी, केन्द्रों में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाली सोसायटियों में धान लबालब भर गया है। परिवहन धीमा होने से दर्जनों सोसायटियों में धान खरीदी बंद होने के कगार पर है। कुछ जगह तो खरीदी बंद हो गई है।

जानकारी के अनुसार मुढ़ीपार सोसायटी में बफर लिमिट 7200 है किन्तु यहां 54000 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। केवल 10 हजार क्विंटल धान का उठाव हुआ है। इसी प्रकार पाड़ादाह सोसायटी में 72 सौ क्विंटल की बफर लिमिट के विरूद्ध 34 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। बढ़ईटोला सोसायटी में 60 हजार क्विंटल खरीदी होने के बाद केवल दो हजार क्विंटल का उठाव हुआ है। टोलागाव सोसायटी में 52 हजार क्विंटल धान की खरीदी होने के बाद 6 हजार क्विंटल धान का उठाव हुआ है। इसी प्रकार इटार में बफर लिमिट से पांच गुना ज्यादा धान खरीदी होने के बाद खरीदी बंद है।



#### प्रबंधकों को सता रहा सूखत

बीते एक महीने में हर सोसाइटी में लगभग 5 गुना से ज्यादा धान की खरीदी हो गई है फिर भी परिवहन बहुत धीमा है। सोसाइटियों में अब धान रखने के लिए जगह नहीं है। खरीदे गए धान का उठाव नहीं हुआ तो सूखत की समस्या खड़ी हो जाएगी।

#### मॉनिटरिंग पर उठे सवाल

किसानो ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च अधिकारी सोसायटियों का निरीक्षण तक नहीं कर रहे है। धान खरीदी बंद होने से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है वहीं किसानों को धान की रखवाली के लिए रतजगा करना पड़ रहा है।

#### सिर्फ 25 फीसदी परिवहन

धान खरीदी शुरु हुए एक महीने से ज्यादा समय गुजर गया है किन्तु अब तक 25 प्रतिशत धान का परिवहन नहीं हुआ है। धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधकों को अब सूखत का डर सताने लगा है। परिवहन में तेजी नहीं आने से समिति प्रबंधक नाराज है। धान खरीदी बंद होने से किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शहर के महाराष्ट्र मंडल भवन में किया गया। इस युवा उत्सव में 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। युवाओं में छुपी प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस आयोजन के प्रचार-प्रसार की कमी के चलते आयोजन के मंच तक कम ही कलाकार पहुंच पाते हैं। ब्लॉक स्तरीय इस युवा उत्सव के आयोजन में 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु सीमा के प्रतिभागी शामिल हुए और अपने नृत्य, गायन, तात्कालिक भाषण, चित्रकला की प्रस्तुति दी।

#### चार विधाओं में स्पर्धा

ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन में चार अलग-अलग विधाओं में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सामुहिक और एकल लोक नृत्य, सामुहिक और एकल लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला व कृत्वकला सहित हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद शामिल थे।

#### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

आयोजन को लेकर खेल युवा कल्याण विभाग के नोडल अधिकारी शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय इस आयोजन के बाद चयनित प्रतिभागी डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# कार्यों को समय से पूर्व करें प्राथमिकता से पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, क्रेडा विभाग, विद्युत विभाग सहित जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सभी निर्माण एजेंसियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में विभिन्न निर्माण एजेंसियों के ठेकेदारों से बारी-बारी से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देते सभी ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वे समय से पूर्व प्राथमिकता के साथ कार्यों को पूर्ण करें।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने कहा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और तय मापदंडों के अनुसार पूरे किए जाएं। बैठक के दौरान निर्माण एजेंसियों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित प्रयास करने और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने जिन ठेकेदारों की प्रगति अत्यंत धीमी तथा संतोषप्रद नहीं है तथा ऐसे ठेकेदार जिन्होंने अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं, उनकी जानकारी लेते नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन के विभिन्न कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम-समूह नल-जल प्रदाय योजना, सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना, स्वीकृत योजनाओं में स्त्रोत की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कूप खनन कार्य के निविदाओं का निराकरण, समूह नल जल प्रदाय योजना आदि कार्यों की समीक्षा करते कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएचई को निर्देशित किया कि इस प्रोजेक्ट के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पानी की व्यवस्था की जानकारी लेते स्वच्छता की दृष्टिकोण से इन जगहों पर अवश्य रूप से रनिंग वॉटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने विद्युत विभाग एवं क्रेडा विभाग की सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते तीनों विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी एक विभाग की अपेक्षा के कारण योजनाओं का संचालन प्रभावित नहीं होना

#### समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करें

कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत पंप, ट्यूबवेल, बिजली ट्रांसफार्मर जैसी विद्युत से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करें। वहीं क्रेडा विभाग को अपनी सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था के लिए सोलर सिस्टम इंस्टॉल करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने जिले में स्थापित सोलर सिस्टम की जानकारी लेते शासकीय संस्थाओं और छात्रावासों में सोलर सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन से पेयजल और ऊर्जा समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। बैठक में कार्यपालन अभियंता महेश साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# ज्वेलर्स से सोने चांदी की चोरी आरोपी सामान के साथ पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर के माँ गंगई मंदिर के पास संचालित धन निरंकार ज्वेलर्स से लगभग 34654 रुपए के सोने चाँदी एवं अन्य समानों की चोरी गत 14-15 दिसम्बर की रात्रि को हो गई थी। घटना के बाद दुकान संचालक लक्ष्मीकांत पवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाया। उन्होंने पुलिस को बताया कि 14 दिसम्बर को शाम 7 बजे दुकान से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी लेकर घर चले गए थे। दूसरे दिन 15 दिसम्बर जब उन्होंने दुकान का ताला खोलकर देखा तो काउंटर का कांच टूटा मिला। पीछे की दीवार भी टूटी हुई थी। दुकान का सामान बिखरा हुआ था। चेक करने पर सीसी टीबी कैमरा, 4 नग चांदी की अंगुठी, चांदी की पट्टी चेन टुकडा 50 ग्राम, तांबा पट्टी 2 नग 500 ग्राम, शीश राड 2 नग 180 ग्राम, तांबा का टाप्स पेंच 500 ग्राम, तांबा की फुल्ली पेंच 200 ग्राम, पीतल का झुमका पेंच 600 ग्राम, एक मोबाईल, म्यूजिक, टीन में रखा तांबा तार 5 किलो, संसी एवं डिब्बा में रखी 180 ग्राम चांदी की अंगूठी एवं अन्य जेवर चोर ले गए थे। पुलिस ने जांच करते हुए गंडई निवासी दिलेश्वर धृतलहरे उर्फ खिनवा पिता राजकुमार से पूछताछ किया तो उसने जुर्म स्वीकार किया। वह चोरी के सामानों को घर में छुपा कर रखा था जिसे उसकी निशानदेही पर बरामद किया गया। आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# शिविर में 19 युवाओं व स्टॉफ ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में छुरिया विकासखंड में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, संजय सिन्हा, तेजराम साहू, धन्नाराम यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नेतराम नवरत्न ने बताया कि शिविर में 2017 नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा जिला चिकित्सालक एवं मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार करते काउंसलिंग की गई। रक्तदान शिविर में 19 युवाओं एवं स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया। मितानिन सम्मेलन में 463 मितानिनों, 24 मितानिन प्रशिक्षक तथा जिला व विकासखंड मितानिन समन्वयक शामिल हुए। सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों और प्रशिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य रूप से बीपी, शुगर, सिकलसेल की जांच की गई। स्त्री रोग, शिशुरोग, मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, चर्मरोग, दंत चिकित्सा, परिवार कल्याण, अस्थि रोग, चर्मरोग, सामान्य सर्जरी, मनोरोग, आयुष्मान वयवंदन कार्ड निर्माण तथा आयुष्मान भारत पंजीयन, गैर संचारी रोग अंतर्गत ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, तम्बाकू एवं नशामुक्ति, वयोवृद्ध जांच उपचार कर आवश्यक सलाह दी गई। आयुर्वेद विभाग द्वारा स्टाल लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई।



# दिव्यांग खिलाड़ियों व कलाकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में दिव्यांग खिलाड़ियों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त जिला स्काउट गाईड महेश खंडेलवाल, समाजसेवी एवं अध्यक्ष आस्था मूकबधिर शाला के महेन्द्र सुराना, समाजसेवी रूपम सोनछत्रा, समाजसेवी गीता राठौर उपस्थित थे। अतिथियों ने शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दिव्यांग खिलाड़ी बाधित संवर्ग के चेमन सेन, हरिश निषाद, तुलेश्वरी बांधे, निशा बांधे, नीरा जांगड़े व तरूण कुमार, अस्थि बाधित संवर्ग से राकेश सिन्हा, श्रवण बाधित संवर्ग से ज्योति यादव, अनुज साहू, श्वेता लहरे, पूजा देवांगन तथा राज्य स्तरीय कला के क्षेत्र में प्रतिभावान दिव्यांग कलाकार भर्रेगांव के भूपेश साहू एवं शंकरपुर के विकाश जामुलकर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यालय में पदस्थ शासकीय वरिष्ठ कलाकार बीर सिंह साहू, तिहार ध्रुव, रामप्रसाद यादव द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार स्थानीय दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्यरत संस्था शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय, अभिलाषा व आस्था एवं मनोकामना के दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिवीक्षा अधिकारी समाज कल्याण सुखमा चद्रवंशी, शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय, अभिलाषा, आस्था, मनोकामना मनोविकास शाला के प्राचार्य शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभिन्न प्रांत के 40 भूगोल के व्याख्याता हुए शामिल

# दक्षता प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए डॉ.कमलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मप्र के भोपाल में आत्मानंद कन्या शाला में पदस्थ शिक्षक डॉ कमलेश्वर सिंह भूगोल प्रायोगिक विषय पर आयोजित दक्षता आधारित प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के माध्यम से आयोजित भूगोल प्रायोगिक विषय को लेकर गतिविधि आधारित दक्षता प्रशिक्षण मे वेस्ट जोन के छग, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा और मप्र के 40 भूगोल विषय के व्याख्याता उपस्थित थे।

प्रशिक्षण का शुभारंभ प्राचार्य प्रो जयदीप मंडल, शिक्षा विस्तार विभाग अध्यक्ष डॉ चित्रा सिंह, प्रशिक्षण प्रभारी डॉ अलका सिंह की उपस्थिति मे हुआ। प्रथम दिवस डॉ सेबू ने आईसीटी लैब मे आनलाइन जियो स्पेशल टेकनोलॉजी के माध्यम से अध्यापन करने, सर्वे ऑफ इंडिया के साइट में जाकर क्यूजीआईएस में लॉगिंन कर विश्व के किसी भी स्थान का मानचित्र अपलोड कर बच्चों को अभ्यास कराने संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी। सागर विवि के प्रो डॉ सतीश ने डाटा एकत्रित कर टेबल बनाने,जियोमेट्रिक, जियोग्राफिकल मानचित्र बनाने विभिन्न प्रकार की मापनी की रचना करने, मीटर सर्वेक्षण अपनाने की विधि का खुले मैदान मे प्रायोगिक कार्य कराया और उन्होंने स्थलाकृतिक मानचित्र में समोच्च रेखा की पहचान करने, उसके माध्यम से धरातल के स्थलाकृति की प्रदर्शन की विधिया बताई।



#### पजल्स से बताया प्रदेशों का क्रम

शोधार्थी डॉ चन्द्रकेश मौर्य ने अर्थ प्रो एप से मानचित्रों को डॉऊनलोड करना, रंगों के आधार पर स्थान का विश्लेषण करने की विधि सहित भारत की विभिन्न राज्यों का अलग अलग पजल्स बनाकर उत्तर से दक्षिण या दक्षिण से उत्तर के राज्यों को क्रम से सजाने की गतिविधि से अवगत कराया। भौतिक विभाग के प्रो डॉ शैलेंद्र सिंह चौहान ने दूरबीन के माध्यम से सौर कलंक की संख्या को दिखाया, वर्षा मापी यंत्र, थर्मामीटर के माध्यम से किसी स्थान का तापमान मापना, पानी की शुद्धता व उत्पादन की क्षमता मापन, हवा की दिशा सहित गति मानक समय का निर्धारण संबंधी मॉडल दिखाकर उसके प्रयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण मे प्रदेश से डॉ कमलेश्वर सिंह, महासमुंद से विकास वर्मा, पेंड्रा से राम सिंह पटेल, सक्ती से सहदेव बारले, राजनांदगांव से महावीर चंद्रा और पुरंदर पटेल रायपुर से शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर में समापन में प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ अलका सिंह ने सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

#### मिली विषय की जानकारी

सागर विवि के डॉ हेमन्त पाटीदार ने मानचित्र प्रक्षेप तैयार करने की विधियों की जानकारी देते हुए मालविड, मर्केटर, बेलनाकार, शक्वाकर प्रक्षेप की रचना कराने के साथ विश्व के विभिन्न देशों की स्थिति के अलावा संतरे के फल मे अक्षांश और देशांतर रेखा बनाकर किसी भी देश की स्थिति निर्धारण कराने की विधि से अवगत कराया। इटारसी कालेज के डॉ दिनेश कुमार ने सांख्यकीय आंकड़ों के श्रोत, उनका संग्रहण, वर्गीकरण, सारिणी, टेबल निर्माण कर रेखा चित्रों के माध्यम से अनुसंधान कार्य का विश्लेषण करना सीखाया वही क्षेत्रीय सर्वेक्षण मे पारिवारिक अनुसूची, प्रश्न तैयार करने दोनों मे अंतर स्पष्ट किया। अमरकंटक विवि के डॉ चंद्र मौली ने स्थलाकृतिक मानचित्र मे प्रयुक्त रूढ़ चिन्हों की पहचान व प्रयोग, हवा की गति सहित दिशा प्रदर्शित करने, विभिन्न मौसमी दशाओं को प्रदर्शन करने, निम्न दाब उच्च दाब, चक्रवात निर्माण के कारण स्पष्ट किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. अलका सिंह ने रिमोर्ट सेंसिग के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने पृथ्वी की गति और प्रक्षेपात्र द्वारा पृथ्वी के विभिन्न स्थानों का चित्र भेजने की प्रक्रिया प्रयोग को बताया। गूगल प्रो अर्थ प्रो साइट एप से भारत के विभिन्न स्थानों के मानचित्र को चिन्हांकित करते हुए विश्लेषित करने की विधि की जानकारी दी।

### कॉलेज में मनाई गई मेहता की जयंती

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 14 दिसंबर को प्रो. जेके मेहता जयंती का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. अमिता बख्शी ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि प्रो. मेहता का जन्म राजनांदगांव में हुआ। वर्तमान समय में हमें प्रो. मेहता के विचारों को अपनाने की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने कहा कि प्रो. मेहता के आर्थिक विचार भारतीय संस्कृति संतोषं परं सुखम् के अनुरूप है। हमारे संसाधन सीमित हैं। प्रो.मेहता अधिकाधिक उपभोग वाली पाश्चात्य संस्कृति के विपरीत उपभोग को सीमित करने पर बल देते हैं। अतिथि व्याख्याता डॉ. दिनेश प्रसाद ने बताया कि गांधीजी भी प्रो. मेहता के आर्थिक विचारों से प्रभावित थे। एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों खुशी कौशिक, मुस्कान तिवारी, वैष्णवी सिंह बघेल, छाया साहू व यमाकांत सिन्हा ने कहा कि प्रो. मेहता के आवश्यकताएं कम करने के विचार वर्तमान समय में भी उपयोगी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीना प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर दुर्गेश्वरी मंडावी, दीप मानिकपुरी, आकाश सिन्हा, जया साहू, सुप्रिया एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

## सार समाचार

### चिखली में आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर आज

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य विभाग जिला राजनांदगांव द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन कल 17 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दीनदयाल नगर चिखली स्थित नगर झेरिया यादव समाज के सामाजिक भवन में किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार डॉ. बीएल तुलावी जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 से अधिक आयु वाले सीनियर सिटीजन का आयुष्मानवय वंदना कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष से कम आयु वाले पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए उक्त एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के राजनांदगांव महानगर इकाई के अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव, पार्षद जया दुर्गेश यादव एवं खेमिन राजेश यादव ने यादव समाज के स्वजातीयजनों तथा आम नागरिकों से उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### विधायक ने किया प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने ग्राम लाममेटा (छुरिया) के करियाम पाठ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के




सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही नव-निर्माण सामुदायिक भवन, यात्री प्रतीक्षालय एवं महिला प्रशिक्षण भवन निर्माण का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किया।

विधायक साहू ने ग्रामीणों एवं पंचायत पदाधिकारियों को उपरोक्त लोकार्पण विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम अवसर पर मनोज सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, राजू सिन्हा, विपिन यादव, संतोष पटेल, महेश कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, सुंदरलाल उइके, टुमनलाल जांगड़े, देशीरबाई उइके, ठाकुर सिंह मंडावी, प्रभुराम साहू, छबिलाल साहू, भगवानी राम, नरेश साहू, नंदकिशोर साहू, चंद्रिका नेताम, हुसैन कंवर, टुमेश्वरी साहू, प्यारीबाई कतलाम, श्यामसाय कंवर, दिनेश उइके, पुष्पा यादव, बिमला यादव, कविता पड़ौती, सुशीला गड़पायले एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सर्व ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ अध्यक्ष बने अनिल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय सर्व ब्राहमण समाज द्वारा समाज के एकजुटता मजबूती के लिए निरंतर समाज का पुनर्गठन किया जा रहा है। समाज के





प्रति समर्थित कार्य करने वाले लोगों को पदोन्नति की जा रही है। समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष पद पर अनिल पांडे तथा जिला मीडिया प्रभारी के पद पर राधेश्याम शर्मा की नियुक्ति की गई। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश महासचिव मौलेश तिवारी, जिला अध्यक्ष लवकुमार मिश्रा, युवा मंच प्रदेश सचिव मिनेश मिश्रा, जिला महासचिव डॉ. प्रकाश शर्मा, विष्णुनंद चौबे, टीकम पांडे, मनीष त्रिपाठी, यवेंद्र तिवारी, राकेश तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, चंद्रमणि ओझा, अमिताभ पांडे, राजेंद्र गर्ग, युवराज शर्मा, ललित शर्मा, शशांक उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण पांडे, संजय भूषण मिश्रा, सूरत द्विवेदी, हेमंत तिवारी, पवन तिवारी, रविशंकर तिवारी, अवधेश दुबे, नरेंद्र तिवारी, प्रदीप शर्मा इत्यादि ने बधाई दी है।

### कलरिंग कॉम्पिटिशन में युगांतर का शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अवन्तिका कल्चरल ओलंपियाड द्वारा आयोजित कलरिंग कॉम्पिटिशन में शानदार प्रदर्शन किया है। पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी कलरिंग आर्ट का शानदार प्रदर्शन करते 7 स्वर्ण, 9 रजत, 11 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह पदक विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल के कुशल मार्गदर्शन में मिला है। इसे देखते अवन्तिका कल्चरल ओलंपियाड द्वारा इनका भी एक्सिलेंस एवार्ड प्रदान कर सम्मान किया गया है।
इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के उज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी है।

### शहीद ले. अरविन्द दीक्षित का शहादत दिवस 20 को

**राजनांदगांव।** शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित का शहादत दिवस 20 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे कस्तूरबा महिला मंडल के हॉल में आयोजित



किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं कैडेट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगान होगा। तत्पश्चात शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्र पर पुष्पचक्र अर्पित किया जाएगा। साथ ही रिजर्व पुलिस लाइन की सलामी गारद द्वारा सशस्त्र सलामी दी जाएगी। कार्यक्रम में 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट के अधिकारी, जिला पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन के अधिकारीगण, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन तथा नेवल विंग के एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाईड, भूतपूर्व सैनिकगण तथा गणमान्य नागरिकगण श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रार्थना सभा, जीवन परिचय एवं अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सेना व पुलिस के शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जाएगी। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष पं. प्रदीप मिश्रा एवं महिला शाखा की अध्यक्ष ममता अवस्थी तथा कैडेट क्लब अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी ने सभी सदस्यों एवं नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### आरक्षण की कार्रवाई स्थगित

**राजनांदगांव।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की कार्रवाई हेतु समय-सारणी जारी की गई थी, जिसे शासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

## 66 हजार 323 किसानों से 3272469.60 क्विंटल धान की खरीदी

# छापामार कार्रवाई के बाद टूटी हड़ताल मिलर्स ने शुरू किया धान का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महाभियान अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी लगातार जारी है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 66 हजार 323 किसानों से 3272469.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 754 करोड़ 86 लाख 51 हजार रुपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव लगातार जारी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी का कार्य जारी है।

राज्य शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन पर 15 दिसंबर 2024 को राजनांदगांव को जिला एसोसिएशन एवं जिले के मिलर्स द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम



मिलिंग करने हेतु लिखित सहमति प्रदाय की गई तथा धान उठाव का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों से परिवहनकर्ता के माध्यम से धान उठाव पूर्व से ही किया जा रहा है। अब जिले के पंजीकृत राइस मिलर्स द्वारा भी धान उठाव का कार्य किया जाएगा। जिससे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव तेज गति से होगा। जिले में धान उठाव तीव्र गति से होने से उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान क्रय करने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है तथा समस्त कृषकों से टोकन के अनुसार धान क्रय किया जा रहा है। जिले में धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।

#### सहमति के बाद कार्रवाई स्थगित

जिले के अतुल राइस इंडस्ट्रीज ग्राम भोथीपारखुर्द में संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा 15 दिसंबर 2024 को जांच की कार्रवाई की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ही जिला राइस मिल एसोसिएशन एवं जिले के राइस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य करने हेतु लिखित सहमति प्रदाय किए जाने पर जांच कार्रवाई स्थगित की गई। वहीं अवैध धान की बिक्री पर अंकुश लगाने कोचियों, बिचौलियों पर संयुक्त कार्रवाई जारी है।

#### कार्रवाई से मची खलबली

जिले के राइस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य हेतु मिलों का पंजीयन कर, अनुमति, अनुबंध नहीं किए जाने के कारण धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव नहीं होने से धान खरीदी कार्य प्रभावित हो रही थी। जिले में स्थित राइस मिलों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई किए जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए थे।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 19 को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 19 दिसंबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि कमांडेट कार्यालय क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 500 पद, सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 100 पद एवं कैश इन ट्रांजिट के 50 पद, चाणक्य पीएससी ट्यूटोरियल ममता नगर राजनांदगांव द्वारा मार्केटिंग के 5 पद, टेलीकॉलर के 2 पद एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, जियो इन्फोकॉम लिमिटेड नागपुर रोड राजनांदगांव द्वारा होम सेल्स ऑफिसर के 4 पद, जियो पॉइंट मैनेजर के 3 पद एवं जियो फील्ड इंजीनियर के 2 पद पर भर्ती की जाएगी।

### सीसी रोड निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम सिवनीखुर्द में महंगू साहू गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए एवं ग्राम पटेश्री में वार्ड क्रमांक 11 उमेश साहू गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## देशभक्ति पूर्ण आयोजनों के बीच मना विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत की विजय के 53वीं वर्षगांठ के अवसर पर वीर शहीदों को नमन करने और जवानों के शौर्य एवं साहस को सलामी देने के लिए शहर के गौरवपथ पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा भारत की विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1971 के युद्ध में शामिल रहे सैनिक भी आयोजन में उपस्थित थे। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा वर्ष 1971 के युद्ध में शहीद हुए भारतमाता के वीर सपूतों को आयोजन के दौरान नमन किया गया। शहर के गौरव स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भारत माता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

#### पूर्व सैनिकों ने साझा किए अनुभव

पाकिस्तान पर भारत के इस विजय दिवस को मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए।



#### पाकिस्तान ने टेके घुटने

इस आयोजन को लेकर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उस विजय को याद करने प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक लड़ाई 3 दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर को खत्म हुई। 13 दिन के इस युद्ध में हमने अपने 3 हजार 900 सैनिकों को खोया है और इस युद्ध में 8 हजार 994 सैनिक घायल हुए थे।

#### देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम

विजय दिवस के अवसर पर शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में 1971 के युद्ध में शामिल रहे राजनांदगांव के भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों और स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

#### बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा विजय दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रमों में महापौर हेमा देशमुख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित शहर के अन्य जनप्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## प्रदेश सरकार के खिलाफ युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस द्वारा इसे बदहाली के एक साल बताते हुए प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज युवा कांग्रेस और एनएएसयूआई द्वारा अपराध, युवाओं के साथ अन्याय, रोजगार, शिक्षकों की भर्ती के मुद्दे को लेकर मशाल रैली निकाली गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। आज देर शाम शहर के जयस्तंभ चौक से युवा कांग्रेस ने मशाल रैली निकाली और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हल्ला बोला।



#### युवाओं को रोजगार देने की मांग

युवा कांग्रेस द्वारा शहर के जयस्तंम चौक से मशाल रैली निकाली गई। इस दौरान प्रदेश सरकार से युवाओं को रोजगार देने की मांग सहित देश में बढ़ते अपराध और नशे के कारोबार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस मशाल रैली में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, मानव देशमुख, महेंद्र यादव, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु मिश्र, राजा यादव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### युवाओं के मुद्दों पर सरकार को घेरा

मशाल रैली के आयोजन को लेकर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव संदीप होरा ने कहा कि प्रदेश में सरकार बने एक वर्ष हो चुका है, लेकिन यह एक वर्ष विफलताओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 70 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, लेकिन अब तक एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कानून व्यवस्था, बेरोजगारी सहित अन्य मामलों को लेकर प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार पर आरोप लगाया है।

## बीएसएफ एवं सीआरपीएफ में हुए सलेक्ट

**राजनांदगांव।** नवा बिहान के तहत ग्राम सुंदरा एवं पुलिस लाइन कुरूक्षेत्र में युवक-युवतियों को एथलेटिक्स, फोर्स डिपार्टमेंट एवं एसएससी भर्ती परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 6 युवक-युवती अग्निवीर, बीएसएफ एवं सीआरपीएफ में सलेक्ट हुए है। अब तक राजनांदगांव पुलिस द्वारा दिए गए प्रशिक्षण में 58 युवक-युवती सलेक्ट हो चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में नवा बिहान अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा पुलिस लाइन कुरूक्षेत्र ग्राउंड में ''राजनांदगांव फिजिकल एंड स्पोर्टस अकादमी'' एवं थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम सुंदरा ग्राउंड में ''गरूकुल फिजिकल एंड स्पोर्टस अकादमी'' के नाम से युवक-युवतियों को एथलेटिक्स, अग्निवीर, पुलिस भर्ती, सीएएफ, बीएसएफ, सीआरपीएफ, फोरेस्ट गार्ड एवं एसएससी भर्ती परीक्षा की तैयार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

#### निःशुल्क कोचिंग कराई गई

पुलिस विभाग द्वारा उपरोक्त परीक्षा की तैयारी हेतु आरक्षक कामता प्रसाद यादव, मनोहर निषाद जिला बल राजनांदगांव और आरक्षक सीके साहू सीआईएसएफ यूनिट छिंदवाड़ा को नियुक्त किया गया है, जो प्रतिदिन लगन एवं मेहनत से सभी प्रशिक्षुकों को अनुशासन के साथ सभी ग्राउंड के फिजिकल ईवेंट का प्रशिक्षण देते हैं। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की ओर से लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षकों को सिद्धार्थ अकादमी में निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



#### उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की यह पहल के कारण ही राजनांदगांव पुलिस द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से लाभ लेकर अब तक 58 युवक-युवती उपरोक्त विभिन्न विभाग में चयनित हुए हैं। इसी कड़ी में वर्तमान में 6 युवक-युवती, वर्ष नेताम निवासी बासुला खपरीखुर्द का चयन बीएसएफ में, चुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम इंदामरा का चयन सीआरपीएफ, गोकुल साहू निवासी ग्राम पार्रीकला का चयन अग्निवीर, नरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम परमालकसा का चयन अग्निवीर, प्रभात निवासी ग्राम तोरनकट्टा का चयन अग्निवीर, कुंदनलाल निवासी ग्राम जंगलपुर का चयन अग्निवीर में हुआ है। 16 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 6 चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और प्रशिक्षक आरक्षक कामता प्रसाद यादव, मनोहर निषाद और आरक्षक सीके साहू को उसके उत्कृष्ठ कार्य के लिए हौसला अफजाई किया।




## पेंड्री में शराब दुकान खोले जाने की तैयारी, वार्डवासियों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ विधानसभा अध्यक्ष को सौंपेंगे ज्ञापन

शहर के रविदास वार्ड नंबर 20 में शराब दुकान खोले जाने की तैयारी की चर्चा को लेकर वार्ड के लोगों में काफी आक्रोश है। वार्डवासियों द्वारा एक बैठक के माध्यम से इसका कड़ा विरोध किया गया है और विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर यहां शराब दुकान नहीं खोले जाने की मांग की जाएगी। वार्ड के लोगों द्वारा 18 दिसंबर को इस मामले में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### असामाजिक तत्वों का होगा जमावड़ा

वार्ड विकास समिति और वार्डवासियों ने कहा है कि आबकारी विभाग द्वारा शहर के वार्ड नं. 20 पेंड्री स्थित रविदास वार्ड में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब दुकान खोलने के लिए स्थान ढूंढा जा रहा है। शराब दुकान खुलने से यहां असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहेगा। जिससे वार्डवासी भयभीत रहेंगे।

#### स्कूल और धार्मिक स्थल

जिस क्षेत्र में शराब दुकान खोला जाना प्रस्तावित है, वहां प्राथमिक शाला, हाईस्कूल, मीडिल स्कूल संचालित है। वहीं धार्मिक स्थल गुरू घासीदास बाबा का जैतखाम भी स्थापित है। वार्ड के लोगों ने कहा है कि ऐसे क्षेत्र में शराब दुकान खोलने की अनुमति शासन द्वारा नहीं दिया जाना चाहिए।

#### जनआंदोलन की चेतावनी

शहर के रविदास वार्ड में शराब दुकान खोले जाने की तैयारी के चलते लोगों में आक्रोश है। वहीं वार्ड विकास समिति के साथ वार्ड के लोगों ने शराब दुकान खोले जाने पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं मामले में जन आंदोलन किए जाने को लेकर चेतावनी भी दी है।

### प्रशिक्षण का किया अवलोकन



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के संबंध में शनिवार को सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दो पाली में 1300 प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

## बारिश के भी बने आसार

बढ़ती ठंड के बीच इधर मौसम के फिर से बदलने की संभावना भी जताई जा रही है। मौसम विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बारिश होने से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में कुछ इजाफा देखने को मिल सकता है।

### बढ़ती ठंड से बचने अलाव का सहारा, सुबह कोहरे से विजिबिलिटी भी घटी

### दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर से ठंडा नांदगांव

इस साल जहां राजनांदगांव जिले में गर्मी भी अधिक देखने को मिली। अब ठंड भी गजब की पड़ रही है। आलम यह है कि 7.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश के सबसे ठंडे इलाकों में बना हुआ है। आंकड़ों पर नजर डाले तो दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से भी ठंडा बना हुआ है। राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री पर पहुंच गया है।





### सामान्य से 6.7 डिग्री नीचे लुढ़का तापमान

# कंपकंपाने लगी ठंड: 7 डिग्री पर पहुंचा अंचल का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में नमीयुक्त हवाओं के आगमन का ऐसा असर हो रहा है कि लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अंचल में रात का पारा लुढ़ककर सात डिग्री पर पहुंच गया है। यह सामान्य से 6.7 डिग्री तक नीचे है। अचानक इतनी ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों का बाजार भी गुलजार हो गया है। हालांकि अगले 48 घंटे में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा होने के संकेत बताए गए हैं।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ 16, 19 और 22 दिसंबर को एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है। इसके और अधिक प्रबल होने की संभावना है। इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से प्रदेश हवा की दिशा में परिवर्तन होने की संभावना है। साथ ही प्रदेश के वातावरण में नमी मात्रा बढ़ने की संभावना है। परिणामस्वरूप अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि संभावित है। उसके बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो डिग्री के उतार-चढ़ाव के साथ बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### कांग्रेस नेता को मंच पर जाने से मना करने पर विवाद, मंच के पीछे से निकले विधायक

# करमतरा गांव में माता देवाला यात्रा के दौरान मचा बवाल, तीन कलाकार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम करमतरा गांव में आयोजित माता देवाला यात्रा के समापन कार्यक्रम के मंच पर कांग्रेसियों के बीच जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान तीन कलाकार मारपीट में घायल हो गए। इधर विवाद को बढ़ता देख विधायक दलेश्वर साहू मंच के पीछे से कार्यक्रम छोड़कर रवाना हो गए। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में माता देवाला यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा की शुरूआत इस विस के छुईखदान गांव से हुई थी और रविवार को करमतरा गांव में इसका समापन कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें अलका चंद्राकर का जगराता और पटपर वालों के जस गीत-झांकी का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के मंच पर विधायक दलेश्वर साहू सहित पूरा परिवार उपस्थित था। बताया जाता है कि गांव के कांग्रेस नेता रामकुमार साहू जब मंच पर चढ़ रहे थे तो वहां मौजूद पुलिस जवान ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेता के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेसी नेता रामकुमार ने जब पुलिस द्वारा की गई बदसूलकी की जानकारी मंच पर बैठे विधायक दलेश्वर और उसके पुत्र से की तो उन्होंने गंभीरता नहीं दिखाई। जिससे रामकुमार साहू सहित पूरा गांव आक्रोशित हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंच पर चढ़कर जमकर बवाल भी मचाया। गुस्साए ग्रामीण डोंगरगांव के कांग्रेस नेता सद्दाम खत्री को खोज रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सद्दाम खत्री ने ही पुलिस को रामकुमार को मंच से उतारने के लिए कहा था। इस दौरान तीन कलाकारों के साथ भी उन्होंने बेदम मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। घायल कलाकार को ग्रामीणों द्वारा मौके से बचाकर बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया गया है। कलाकार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराने की जानकारी सामने आई है। मामले की अब तक पुलिस में किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है। माहौल को बिगड़ता देख विधायक दलेश्वर साहू अपने परिवार के साथ मंच के पीछे से निकल गए।



### विधायक साहू ने कहा: नशे में थे उपद्रवी

विधायक दलेश्वर साहू ने बताया माता देवाला कार्यक्रम के दौरान कुछ उपद्रवियों ने नशे में धुत होकर बवाल मचाया है। मैं यदि समय पर वहां से नहीं निकलता तो गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती। ग्रामीणों ने पुलिस को भी बंधक बना लिया था। सीएसपी से मैंने कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सुरक्षा मांगी थी, लेकिन दो जवान को ही भेजा गया था। पुलिस की लापरवाही इस घटना में उजागर हुई है।

### कांग्रेसियों ने मचाया हंगामा

करमतरा में माता देवाला यात्रा कार्यक्रम के दौरान मंच पर कांग्रेसियों द्वारा हंगामा करने की जानकारी मिली थी। पुलिस जवानों द्वारा किसी से कुछ बदसूलकी नहीं की गई है। मंच छोटा था, भीड़ अधिक होने से बवाल हुआ होगा। मामले की अब तक किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। शिकायत होने पर मामले की जांच करेंगे।

**- नवरतन कश्यप,**
टीआई, लालबाग थाना

### पुलिस जवानों को बनाया बंधक

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्रामीण इस मामले से इतने अधिक आक्रोशित थे कि उन्होंने पुलिस के दो जवानों को भी बंधक बना दिया था। विधायक दलेश्वर साहू ने आनन-फानन में लालबाग टीआई को फोन के जरिये घटना की जानकारी दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर बंधक बने जवानों को छुड़वाया।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का नवीनीकरण 31 तक

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर तक नवीनीकरण करा सकते हैं। पंजीकृत श्रमिक नवीनीकरण के पश्चात मंडल द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ ले सकते हैं। निर्माणी श्रमिक नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर एवं जनपद पंचायत के श्रम संसाधन केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं तथा श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से भी नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## गठन के डेढ़ साल बाद भी परिसीमन नहीं, घुमका में अटकेगा निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर में निकाय चुनाव की तैयारियां जारी है। आरक्षण की प्रक्रिया तक कार्रवाई पहुंच चुकी है, लेकिन जिले के घुमका नगर पंचायत में चुनाव की कोई तैयारी नहीं है। डेढ़ साल पहले गठन होने के बाद भी अब तक परिसीमन तक नहीं हो पाया है। हालात यह है कि घुमका नपं के पंद्रह वार्डों में बराबर मतदाता तक तय नहीं हो पाए हैं। वहीं हाल ही में प्रशासन ने परिसीमन को लेकर टीम का गठन किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछली प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल पहले सितंबर 2023 में घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दे दिया था। जिसके तहत यहां भी नगर पंचायत चुनाव के अंतर्गत पंद्रह वार्डों में चुनाव कराए जाने हैं। बाकी सभी निकायों में जुलाई महीने में परिसीमन की कार्रवाई कर ली गई थी, परन्तु घुमका में उस दौरान ऐसा नहीं हो पाया। ऐसे में अब चार महीने की देरी से दिसंबर महीने में प्रशासन परिसीमन की कार्रवाई कर रहा है।

### जिपं क्षेत्र भी बना दिया था

एक तरफ जहां नगर पंचायत बनने के बाद घुमका में अब तक परिसीमन की कार्रवाई नहीं हो पाई है। वहीं दो महीने पहले हुए जिला पंचायत क्षेत्रों के परिसीमन के दौरान घुमका को नगर पंचायत होने के बावजूद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 बना दिया गया था। विरोध होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और उस परिसीमन को बदला गया। अब यहां के पंद्रह वार्डों की सीमाएं तय करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सगाई से लौटते समय सड़क हादसा एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खुशी का पल उस वक्त मातम में बदल गया, जब सगाई कार्यक्रम संपन्न कर वापस लौटते समय एक कार पलटने से परिवार के ही एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खबर पाकर परिवार सहित पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया निवासी रजक परिवार रविवार को सगाई कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के ग्राम देवकर गया था। कार्यक्रम संपन्न कर परिवार के सदस्य एवं ग्रामीण शाम को अपने गांव वापस लौट रहे थे। जिसमें शामिल लगभग आधा दर्जन लोग शामिल थे। सभी की उम्र 20 से 25 के लगभग होना बताया गया, जो कार क्रमांक सीजी-07-बीओ-5667 में आ रहे थे, तभी रात करीब साढ़े 11 बजे नर्मदा अतरिया के मध्य पेट्रोल पंप के सामने कार चालक का किसी कारणवश वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार तेज गति से खेत में जाकर बबूल पेड़ से टकराकर पलट गई। कार की रफ्तार काफी अधिक तथा जोरदार टक्कर से वाहन का परखच्चा उड़ गया। जैसे-तैसे कुछ युवक पलटी कार से बाहर निकलकर साथियों को बाहर निकाला और 112 को घटना की सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आया, जहां एक युवक फलेन्द्र रजक पिता बालमुकुंद रजक 20 वर्ष को मृत घोषित किया गया। दो युवक को गंभीर चोंट आई थी। जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया। शेष युवकों को सामान्य चोंट आई थी, जिसे उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। गंडई पुलिस मामले को विवेचना में लिया है। बताया गया कि बीते कुछ साल में युवक इससे पहले दो बार की दुर्घटना में गंभीर चोंट लगने के बाद भी मौत को चकमा दे दिया था, परन्तु इस बार की सड़क दुर्घटना में युवक की जान चली गई।



**बुझ गया घर का चिराग :** दुर्घटना में रजक परिवार का चिराग बुझ गया। मृतक युवक फलेन्द्र अपने घर में दो बहनों का इकलौता भाई था, जो काफी हंसमुख और मिलनसार युवक था। बताया गया कि युवक कार पलटने से पहले ही वाहन से बाहर गिर गया था। जिससे उसको गंभीर एवं अंदरूनी चोंट लगा था। पीएम में युवक के सिर पर गंभीर चोंट लगने की वजह से मौत होना पाया गया। उसकी मौत की खबर से गांव गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। दोपहर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मिला सुराग

# घर की कुंडी तोड़कर चोरी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर का कुंडी तोड़कर घर के सामान सहित आभूषण चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी हिमांशु जैन पिता स्व. डॉ. चंद्रकुमार जैन 39 साल निवासी साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमि सीपत रोड बिलासपुर ने 9 दिसंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड बिलासपुर में मुख्य सर्तकता अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। 8 दिसंबर को करीबन 11 बजे प्रार्थी के पड़ोसी मनमोहन तिवारी द्वारा प्रार्थी को फोन कर बताया कि आपके दुर्गा चौक राजनांदगांव स्थित पैतृक मकान के पीछे कमरे का लाईट जल रहा है। प्रार्थी सूचना पाकर अपने सहयोगी को अपने घर की चाबी लेकर भेजा। घर का मुख्य दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ, घर के सभी कमरा के आलमारी खुले हुए हैं एवं सामान बिखरा मिला। प्रार्थी 8 दिसंबर के करीबन शाम 6 बजे बिलासपुर से राजनांदगांव अपने घर आया तो दरवाजा खोलकर अंदर घुसकर देखा तो घर के सभी कमरा के आलमारी खुले हुए थे एवं सामान बिखरे हुए थे। घर में रखे 5 जोड़ी सोने का टॉप्स, 2 नग सोने का चैन, एक नग सोने का चैन रूद्राक्ष लगा हुआ, एक सोने का मंगलसूत्र, 4 नग सोने की अंगूठी, चांदी का कुछ बर्तन, एक नग टाईटन कंपनी का हाथ घड़ी, एक नग एलजी कंपनी का एलसीडी टीवी, एक नग फिलिप्स कंपनी का मिक्सी एवं तांबे का मोमेंटों और कुछ सामान जो उसकी जानकारी में नहीं है, जुमला कीमती करीबन 2,48,200 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

विवेचना के दौरान प्रार्थी के मकान के आसपास का सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर आरोपी राजेंद्र सिंह राजपूत को संदेह के आधार पर थाना बसंतपुर लाकर पूछताछ किया गया, जो मुताबिक मेमोरंडम के अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी द्वारा चोरी किए गए मशरूका 1 नग टीवी एलजी कंपनी, 10 नग स्टील का नल, 3 नग छोटी-बड़ी टाईटन कंपनी का हाथ घड़ी और 1 नग रेडमी कंपनी का मोबाइल को जब्त कर आरोपी को 15 दिसंबर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



## खबर संक्षेप

### विधायक ने ग्रामीण महिला से की बातचीत



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम अमली-मालगी निवासी श्रीमती बुंदेला बाई से बातचीत हालचाल साथ ही साथ उनकी समस्या को जाना। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में निरंतर दौरा करते हुए विकास एवं निर्माण कार्य का सौंगात दिया जा रहा है। वहीं ग्राम अमली मालगी निवासी श्रीमती बुंदेला बाई से विधायक भावना बोहरा साथ बैठकर महिलाओं का हाल-चाल पूछते हुए बातचीत किया हैं यह चित्र दर्शाता है वहीं महिलाओं में भारी उत्सव का माहौल है।

### कतिया समाज की बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** ग्राम पोलमी में रविवार को प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ कतिया समाज की परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। जिसमे छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से कतिया समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम व मां कात्यायनी की तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमे रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर सकरी, पेण्ड्रीडीह, हिर्री माइंस, लोखण्डी, छोटी कोनी, बड़ीकोनी, मंगरकुण्ड, विक्रमपुर (पारीकला), बाकलसर्रा, मारूटोला, तरेगांव साथ ही साथ अनेकों गांव-शहर तथा जिले से पहुंचे कतिया समाज के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक चर्चा हुई जो कि सुबह 11 से शाम 6 बजे तक परिचर्चा बैठक हुई वहीं कार्यक्रम मंच का सफल संचालन शिव द्वारा किया गया। कतिया समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में अनेकों मुद्दा रखा गया व समाज हित की चर्चा हुई।

### सत्य अहिंसा के प्रतीक जैतखाम का रंग-रोगन कार्य जोरों पर, गूंजेगा गुरु घासीदास का संदेश



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय स्थित ग्राम डबराभाट में 18 दिसम्बर को सतनाम समाज द्वारा विशाल गुरुद्वारा व सत्य-अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम की साफ-सफाई एवं रंग- रोगन जोर शोर से सतनामी समाज द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर जैतखाम में श्वेत पालो चढ़ाया जाएगा वहीं बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी जिसकी तैयारी में भंडारी रामविलास पात्रे, देवप्रसाद, पुजारी राजेश मोहले, तुलेश्वर लहरे, वेदराम कुर्रे, निरंजन धृतलहरे, शाहिल कोसले, धनराज ओगरे व समाज के लोग जुटे हुए हैं।

### श्री पंचदेव मंदिर परिसर की सफाई में जुटे भक्तजन



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत स्थित सारंगपुर खुर्द में श्री पंचदेव मंदिर का भव्य निर्माण श्रद्धालु भक्तों ने कराया गया है, जिसकी साफ-सफाई एवं स्वच्छता को लेकर मंदिर परिषर की साफ सफाई किया जा रहा है। श्री पंचदेव मंदिर में भगवान श्रीराम दरबार, श्री हनुमान दरबार, श्री शिव दरबार विराजमान है, जिनकी दर्शन के लिए दूर-दराज के लोग पहुंच रहे हैं, वहीं जिले में अलग पहचान है जो जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जो धार्मिक स्थल स्थापित किया गया है जिसके दर्शन के लिए आसपास के लोग प्रतिदिन पहुंच रहे हैं साथ ही साथ दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त कर हैं।

### पिपरिया मिडिल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया में सुशासन का एक वर्ष छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता तथा फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने मां भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, किसान फेंसी प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया। इसी प्रकार बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रकला में सुंदर चित्रों को चयन किया, जिसमें जय जवान-जय किसान, छत्तीसगढ़ महतारी तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्ष को बचाने व इसके महत्व को दर्शाया गया। हमारी भारतीय संस्कृति हमारी पहचान, अन्न दाता किसान, राष्ट्र की रक्षा करने वाले जवान तथा नारी शक्ति द्वारा अपने देश की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान दिया। इस प्रकार विद्यार्थियों द्वारा सुशासन का एक वर्ष व छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त जानकारी विज्ञान शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने दी।

## समस्या: धान खरीदी बंद, ग्रामीण किसानों की बढ़ी परेशानी

# ऑपरेटर व मिलर प्रभारी हड़ताल पर धान खरीदी केन्द्र में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश में शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्र में 14 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी समर्थन मूल्य में लेने का निर्णय लिया गया था। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी धान फसल को लेकर धान खरीदी केन्द्र पहुंच रहें थें, लेकिन ऑपरेटर व मिलर प्रभारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से ग्राम कोलेगांव, कुआमालगी व रूसे सहित ऐसे कई धान उर्पाजन खरीदी केन्द्र में ऑपरेटर व मिलर के हड़ताल में जाने के बाद धान खरीदी केन्द्र में सन्नाटा पसरा हुआ है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेटर मिलर प्रभारी के अनिश्चित कालीन हड़ताल के बाद धान खरीदी में विराम लग गया है। जिसके कारण ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों किसानों में चिंता का विषय बना हुआ है कि अब उनका धान फसल की खरीदी कब से किया जाएगा व ऑपरेटर तथा मिलर प्रभारियो का अनिश्चित कालीन हड़ताल कब समाप्त होगा जिसे लेकर ग्रामीण किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहें है।



### ग्रामीण किसानों की बढ़ी मुसीबत

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धान उर्पाजन खरीदी केन्द्र में धान खरीदी नहीं होने से किसानों की मुसीबत और बढ़ गई है। कई किसानों का टोकन कटा हुआ है किसान अपनी धान को सोसायटी केन्द्र में बेचने के लिए तैयार है, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी की अनिश्चित कालीन हड़ताल के जाने के बाद धान खरीदी केन्द्र में पूरी तरह बंद व सन्नाटा पसरा हुआ है।



# महतारी वंदन का नया पंजीयन चालू करवाने एनएसयूआई ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग रखा गया कि महतारी वंदना नया पंजीयन के लिए पोर्टल को चालू करवाया जाएं, क्योंकि बहुत से महिलाओं को जो कि इस योजनाओं के लिए पात्रता रखते हैं उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

वहीं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि अभी भी बहुत से ऐसे महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उन महिलाओं की विवाह योजना प्रारंभ होने के बाद हुई है अब बहुत से महिलाएं इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया कब चालू होगा। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया चालू नहीं किया जा रहा है क्योंकि जो महिला पात्रता रखता है महतारी वंदना योजना के लिए उन्हें शासन की योजना पर समान अधिकार है। वही इस योजना को एक वर्ष लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक नया पंजीयन के लिए शासन द्वारा कोई भी जानकारी नहीं आया है इससे बहुत से महिला योजना के लाभ पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं।

जिस पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मांग रखा गया है। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी सहसपुर लोहारा के नाम पर ज्ञापन दिया गया। साथ ही साथ निजी और शासकीय विद्यालय की स्कूल लगाने और छुट्टी देने के समय में परिवर्तन करने की मांग रखा गया है क्योंकि ठंड बढ़ गया है इसी छात्रों को भी समस्या हो रही है। अगर विद्यालय लगाने की समय में परिवर्तन और छुट्टी देने की समय परिवर्तन किया जाएगा तो छात्रों को कुछ राहत मिल सकता है। इस दौरान युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोशन वैष्णव, उपाध्यक्ष मानसिंह साहू, सूरज साहू, धीरज झारिया, कोमल साहू, चंद्रभान साहू, करण झरिया एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में न्योता भोज कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के समाजसेवी व उद्योगपति विजय जैन द्वारा स्व. बसंत जैन की अवतरण दिवस पर शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में न्योता भोज का आयोजन कराया गया। जिसमें विकास मेडिकल संचालक विजय जैन एवं धर्म पत्नी श्रीमती मंजू जैन द्वारा छात्र छात्राओं को चांवल-दाल, सब्जी व मिष्ठान्न, केला, पापड़ परोस कर न्योता भोजन कराया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ समय बिताना साथ ही साथ खुशी साझा करना एवं उनकी जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करना था। इस कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ केला, मिठाई और पापड़ परोसे गए। इस आयोजन से छात्र छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया और स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने जैन के इस प्रयास की सराहना की गई। विजय जैन ने कहा कि छात्र छात्राएं हमारे समाज का भविष्य हैं, ऐसे छोटे-छोटे प्रयास उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करते हैं। उन्होने सभी से अपील की गई कि विद्यार्थियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार योजना के सम्बन्ध में दान दाताओं को खुल कर सामने आने की बात कही। वहीं विद्यालय के प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में समाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों और समाज के अन्य लोगों ने भाग लिया।

## छात्र छात्राओं ने निमास्त्र निर्माण प्रदर्शन किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव कृषि महाविद्यालय कवर्धा के छात्र छात्राओं द्वारा विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम सोनपुरी (रानी) में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम 2024-25 के अंतर्गत प्राकृतिक कीट-नाशक निमास्त्र निर्माण का प्रदर्शन रावे सह संयोजक अश्वन जायसवाल के दिशा निर्देश मे किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा किसानों को प्राकृतिक कीट नाशक निर्माण एवं उपयोग विधि को समझाया गया जिसमें रासायनिक कीटनाशक के उपयोग से जमीन में मृदा की उर्वरता शक्ति नष्ट हो जाती है व पर्यावरण प्रदूषण भी होता है इसलिए प्राकृतिक कीटनाशक निमास्त्र का उपयोग से टमाटर, मिर्ची, आलू व अन्य बागवानी सब्जी व फसलों में किया जा सकता है। जिससे पौधों में कीट व रोग की संभावना अत्यंत कम हो जाती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राएं विनय लांझेकर, अमित बंजारे, शुभम साहू, सुमन साहू, खेमकुमारी, ऐश्वर्या, प्रवीण सिन्हा, गेंदलाल, प्रवीण कुमार, प्रतीक तिग्गा व किसान पवन साहू, गौरीशंकर, दीपक बंजारे, राजकुमार सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में छात्रों ने मनाया विजय दिवस

- विजय दिवस के संबंध में छात्र छात्राओं को दी गई विस्तृत जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

नेहरू युवा केंद्र कवर्धा छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय नवीन महाविद्यालय कुण्डा में विजय दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अमित चंद्रवंशी जनपद सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थें।

कार्यक्रम के अध्यक्षता परषोत्तम निर्मलकर अध्यक्ष जन भागीदारी प्रबंधन समिति ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि महेश प्रधान थाना प्रभारी, रमन खनूजा सदस्य जन भागीदारी समिति, देवेंद्र चंद्रवंशी द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ अमर स्वतंत्रता सेनानियों के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित चंद्रवंशी ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा वर्ष 1971 में हुए भारत और पाकिस्तान के बीच पाक युद्ध में भारतीय सेनानियों की जीत और 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के अस्त्र-शास्त्र सहित आत्मसमर्पण किए जाने की याद में 16 दिसम्बर को विजय दिवस मनाया जाता है। हम सभी को अपने अमर सेनानियों जवानों के प्रति हमेशा श्रद्धा की भाव रखना चाहिए, राष्ट्र प्रथम की अध्याय से भारत माता की सेवा में हम सबको समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए व अपने जीवन पद पर आगे बढ़ना चाहिए। थाना प्रभारी महेश प्रधान ने विजय दिवस मनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने की बात कही। वहीं परषोत्तम निर्मलकर अध्यक्ष जन भागीदारी समिति ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा हम जिस स्थान पर जिस परिवेश में रहते हैं वहीं से ईमानदारी पूर्वक अच्छे नागरिक का परिचय देकर राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। हमें अपने कर्तव्यों का पालन सत्य निष्ठा के साथ हमेशा करना चाहिए।




वहीं एक-दूसरे के सहयोग करते हुए अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास हो जिसके लिए हम सबको चिंता करनी चाहिए देश के लिए मर मिटने वाले वीर जवानों के प्रति हमेशा आदर और सम्मान के भाव हर व्यक्ति के मन में होना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन अतिथि व्याख्याता पूर्णिमा साहू ने किया, इस दौरान व्याख्याता केशव प्रसाद जायसवाल, झगर कुमार साहू, गुलाब घृतलहरे, आकांक्षा श्रीवास, नंदनी साहू, धर्म दिवाकर, डॉ अंकेश तिवारी, गुरुज्ञानी सोनवानी, रामचंद्र कुंभकार, अंजू रजक, सौरभ धवलकर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## छत्तीसगढ़ सरकार की आर्थिक सहायता से आत्मनिर्भर बनीं दसवंतीन बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम सैगोना निवासी दसवंतीन बाई पटेल ने कभी नहीं सोचा था कि उनका सोने का लॉकेट खरीदने का सपना पूरा हो सकेगा। उन्होने बताया कि खेती व मजदूरी कर जीवन-यापन करते हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने उनके सपनों को पंख दिए। दसवंतीन बाई ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद की है। 7 महीने की किश्तों को एकत्र कर उन्होंने सोने का लॉकेट खरीदा, जो उनके लिए एक सपने के पूरे होने जैसा था। दसवंतीन बाई गर्व से कहती हैं यदि महतारी वंदन योजना नहीं होती, तो सोने का लॉकेट कभी नहीं खरीद पाती। जिस पर उन्होने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।


घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

### न्यायालय तहसीलदार पिपरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// व्यक्तिगत उपस्थिति सूचना//

ई कोर्ट क्रमांक 202307080800066
अ-6अ वर्ष 2022-23
ग्राम-पिपरिया प0ह0नं0 06

क्रमांक/2035/रीडर/तह0/2024
पिपरिया दिनांक 04/12/2024
विनय कुमार पिता महेन्द्र चन्द्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम गांगपुर तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम
आवेदक
विरूद्ध
1 दुवासाबाई पति नन्दू
2 जुगलकिशोर पिता देवचरण जायसवाल
दोनों निवासी पिपरिया तहसील-पिपरिया, जिला-कबीरधाम अनावेदकगण।

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय कुमार पिता महेन्द्र कुमार साकिन पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम ने आवेदन पेश किया है, कि आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि ग्राम पिपरिया प0ह0नं0 रा.नि.मं. पिपरिया स्थित भूमि ख0नं0 358/2 का टु. रकबा 0.032 हे, कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश रकबा प्रदर्शित नहीं हो रहा है। आवेदक द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में सुधार कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

चूंकि अनावेदक को प्रकरण में समक्ष सुनवाई की युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समंस के जरिये उपरोक्तानुसार अनावेदकगण 1 दुवासाबाई पति नन्दू, 2- जुगलकिशोर पिता देवचरण जायसवाल को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी तिथि 19/12/2024 को न्यायालय तहसीलदार पिपरिया, तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार पिपरिया

### न्यायालय तहसीलदार नजूल जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईशतहार //

रा.प्र.क्रं.202412082200059 अ/20(4), वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कुमार गौरव, कुमार सौरभ पिता रामजी लाल पाण्डेय साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित भूमि शीट नंबर 16ए भू-खण्ड क्रं.136 क्षेत्रफल 76.00 व.मी. जो कि कुमार गौरव, कुमार सौरभ पिता रामजी लाल पाण्डेय के नाम पर अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदक के द्वारा क्षेत्रफल 51.41 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। अतः आज दिनांक 16/12/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 16/12/2024
पेशी दिनांक :- 30/12/2024

मुहर
नजूल अधिकारी कबीरधाम

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** बारदाना के अभाव में केन्द्र प्रभारियों ने खड़े किए हाथ

# 108 केन्द्रों में फिर लगा धान खरीदी पर ब्रेक, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारी अव्यवस्था के चलते जिले में प्रारंभ से लड़खड़ाती हुई चल रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी पर एक बार फिर से ब्रेक लग गया है। बताया जाता है कि सोमवार को जिले के 108 धान खरीदी केन्द्रों में से से ले दे के सिफ्र दो धान खरीदी हो पाई जबकि सभी 106 केन्द्रों में पूरे दिन धान खरीदी ठप रही। जिसके कारण क्षेत्र के किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक इन उपार्जन केन्द्रो से किसानों को उपज बेचने के लिए टोकन भी दे दिया गया है। इसके बाद भी 16 दिसम्बर को किसानों से धान की खरीदी नहीं की गई। इस संबंध में धान खरीदी केन्द्रो के प्रभारियों का कहना है कि समितियों से धान का उठाव नहीं हो रहा है। इसके कारण केन्द्रों में और धान फसल खरीदने के लिए जगह नहीं बची है। इससे समस्या हो रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में धान खरीदी को लेकर इस बार प्रारंभ से लगातार रोड़ा आ रहा है। इससे पूर्व बारदाने की किल्लत थी और अब धान के उठाव की गंभीर समस्या खड़ी हो गई। जानकारों के मुताबिक राईस मिलर्स और शासन के बीच अनुबंध नहीं होने के कारण धान का उठाव पूरी तरह से ठप पड़ा है। स्थिति ये है कि उठाव के आभाव में जिले के सभी धान खरीदी केन्द्र लबालब हो चुके हैं और उनमें अब और धान खरीदने की क्षमता नहीं है। ऐसी स्थिति में केन्द्र प्रभारियों ने अपने हांथ खड़े कर दिए हैं और साफ कह दिया है कि जब तक धान का उठाव नहीं किया जाता तब तक केन्द्रों खरीदी करना संभव नहीं है। देखने वाली बात होगी की शासन प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर अगला कदम क्या उठाता है और केन्द्रों में बंद पड़ चुकी धान की खरीदी कब से शुरू हो पाती है।

## उठाव के लिए 29 राइस मिलर्स से अनुबंध, डीओ जारी



जिले में धान खरीदी का अभियान तेजी से प्रगति पर है। 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक 53,864 किसानों से कुल 24.63 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए धान को उचित तरीके से संग्रहित और परिवहन के लिए जिले में कुल 29 राइस मिल संचालकों के साथ अनुबंध किया गया है। इनमें से 5 मिलों को 14,980 क्विंटल धान का डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) जारी किया गया है। डीओ जारी होने के बाद उठाव किया जा रहा है। जिले के 81 धान उपार्जन केन्द्रो से 2,76,894 क्विंटल धान का संग्रहण केन्द्रों में उठाव किया जा चुका है। यह कुल धान खरीदी का 11.24 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा धान उठाव और संग्रहण प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। यह हेल्पलाइन किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपार्जन केन्द्रो में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संबंधित राइस मिल संचालकों से शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि किसान किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन पर संपर्क करें। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो और किसानों को उनका पूरा हक मिले।

# भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर न्योता भोज का आयोजन

- गंगानगर प्राथमिक शाला में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ मुस्कुराती बहने हो, या रुकी हुई सब इंस्पेक्टर की भर्ती को पूरा कर युवाओं के सपने को साकार करते हुए, पारदर्शी सीजी पीएससी की भर्ती से युवाओं के कैरियर निर्माण का या किसानों को धान का 3100 रूपए प्रति क्विंटल देने जैसे अनेकों सौगात कर गौरवशाली, स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाते हुए, भाजपा के विष्णु देव सरकार ने सुशासन के अनेक सोपान बनाए है। छत्तीसगढ़ सरकार के गौरवशाली एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा शहर मण्डल के नेतृत्व में शहर के शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला गंगानगर कवर्धा में न्यौता भोज का उत्साह से भरा आयोजन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन हेतु प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना का शुभारंभ किया हुआ है, जिसमें छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन दिया जाता है, इस महती योजना में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज की भी सहभागिता बनाने के लिए समाज से आव्हान किया कि नेवता भोज के माध्यम से सरकरी शालाओं से जुड़कर अपने घर के विभिन्न उत्सवों में सरकारी स्कूल के बच्चो को शामिल करें। भाजपा शहर मण्डल के नेतृत्व में आज जब छत्तीसगढ़ सरकार अपना एक साल का स्वर्णिम कार्यकाल पूरा किया है, इसी उत्सव के उपलक्ष में चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों को नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ जलेबी,मिष्ठान वितरण किया गया और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए एक वॉटर कंटेनर भी दान किया ताकि छात्र-छात्रा शुद्ध जल ग्रहण कर सके,छात्र छात्राओं में न्यौता भोज से अति उल्लास का माहौल दिखाई दिया। आने वाले समय में शहर के समस्त विद्यालयों में न्यौता भोज किया जायेगा।

## राज्य युवा महोत्सव 12 से 14 जनवरी तक

**कवर्धा।** प्रदेश में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय एकता और भाईचारे में बढ़ोतरी और राज्य के युवाओं को कला व संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 12 से 14 जनवरी 2025 तक होगा। खेल संचालनालय परिसर व पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 13 प्रकार की विधाओं से संबंधित प्रतियोगिता होगी।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा नपा वार्ड आरक्षण प्रक्रिया 19 दिसम्बर को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के विभिन्न नगर निकायों में वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया आगामी 19 दिसम्बर 2024, गुरुवार को आयोजित की जाएगी। आरक्षण की यह प्रक्रिया जिला कार्यालय कबीरधाम के सभाकक्ष में अपराह्न 1 बजे शुरू होगी। इसमें नगरपालिका कवर्धा और पंडरिया के साथ-साथ नगर पंचायत पिपरिया, इंदौरी, सहसपुर लोहारा, बोड़ला और पांडातराई के वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया जाएगा। जो व्यक्ति इस प्रक्रिया में शामिल होना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### विभाग ने जारी की पात्रता सूची

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 18 सितम्बर 2024 को जारी संविदा भर्ती विज्ञापन के तहत सभी रिक्त पदों के लिए पात्र,अपात्र आवेदनों की सूची प्रकाशित की गई है। यह सूची 16 दिसम्बर 2024 को जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, यह सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है।

### स.लोहारा में सुशासन चौपाल का आयोजन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब के तहत कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया और बोड़ला जनपद पंचायतों के गांवों में व्यापक स्तर पर इन कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और सुशासन के प्रति नागरिकों को जागरूक करना रहा। सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के सीईओ शिव कुमार साहू ने बताया कि ग्राम नवागांव में सुशासन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं ने मेहंदी रचाकर सुशासन के लिए अपने दायित्व निभाने का संकल्प लिया।

# स्वामी विवेकानंद अकादमी से एसएससी, सीजीसी में 9 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकादमी ने जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल ही में आयोजित एसएससी, सीजीएल परीक्षा 2024 में अकादमी के 9 छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सोमवार को इन चयनित छात्रों ने पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह से भेंट की। पुलिस अधीक्षक ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा आप सभी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। चयनित छात्रों में पोखराज चंद्रवंशी पिता रिद्धि राम चंद्रवंशी, ग्राम डेहरी, जिला कबीरधाम आयकर विभाग (आईआईटी), दुर्गेश ध्रुव पिता गोवर्धन ध्रुव, ग्राम घाटोली, जिला बेमेतरा सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर, श्रवण चंद्रवंशी पिता राजकुमार चंद्रवंशी, जिला कबीरधाम सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ), रंजीत कुमार पिता लोमेश सिंह, ग्राम छीरपानी, जिला कबीरधाम आबकारी निरीक्षक, जनार्दन साहू पिता गंगदेव, ग्राम बहवलिया, जिला कबीरधाम सहायक लेखा अधिकारी (एएओ), सागर श्रीवास पिता सुशील श्रीवास, ग्राम पनेका, जिला कबीरधाम ऑडिटर, सूरज दास पिता कृष्ण दास, ग्राम नयापारा, जिला बिलासपुर जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर (जेएसओ), पूनम माथुर, जिला बेमेतरा सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर तथा आरती राजपूत पिता लक्ष्मण, जिला कबीरधाम इनकम टैक्स असिस्टेंट शामिल हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि अकादमी में न केवल कबीरधाम जिले के बल्कि बलरामपुर, सरगुजा, बेमेतरा और अन्य जिलों के छात्र भी आकर निः शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यहां फिजिकल तैयारी के साथ-साथ रिटन परीक्षा की भी तैयारी कराई जाती है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के सहयोग से संभव हुई है। अकादमी के विद्यार्थियों को प्रशिक्षक दल में शामिल आरक्षक विक्की चंद्रवंशी, आरक्षक प्रदीप श्रीवास, आरक्षक दशरथ साहू, महिला आरक्षक नंदनी ओगरे, महिला आरक्षक तुलसी चंद्रवंशी, सै. रीना शर्मा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पशुपालकों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गौ पालन और गौ संवर्धन को प्रोत्साहित करने की मंशा को साकार करने के उद्देश्य से पशुधन विकास विभाग, विकासखंड कवर्धा द्वारा 15 प्रगतिशील पशुपालकों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। यह भ्रमण दुर्ग, बस्तर और रायपुर संभाग के विभिन्न चयनित शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत कवर्धा के कृषि सभापति पीयूष ठाकुर ने रविवार को इन प्रगतिशील पशुपालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 7 दिवसीय इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, चारागाह विकास, और पशुपालन में हुए नवीनतम नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर वे उत्कृष्ट पशुपालन की तकनीकों को अपनाने का ज्ञान अर्जित करेंगे।

# भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया मौन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में जिला महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सत्तासीन भाजपा सरकार के एक वर्ष के कुशासन के विरोध में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत के नेतृत्व में मौन प्रदर्शन कर जन जागरण किया। साथ ही भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल के दौरान कबीरधाम जिले सहित प्रदेश में हुए जघन्य अपराध, हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी, भ्रष्टाचार, सट्टा, शराब खोरी जैसे घटनाओं को बाकायदा तख्तियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस अवसपर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती अनंत ने कहा कि सत्तासीन भाजपा सरकार अपने वादों से मुकर चुकी है। जनता इस बात को समझ रही है चाहे वह धान समर्थन मूल्य का एक मुश्त भुगतान हो या हर हाथ को रोजगार की बात हो या शिक्षक भर्ती का वादा हो सरकार सभी मामलो में नाकाम रही है। अंधाधुंध जंगलों की कटाई हो या गांव, गली, कूचों, दुकानों में या फिर होटल रेस्टोरेंट में शराब परोसने की बात हो जनता को समझ आ गया है कि भाजपा की कथनी और करनी में कितना अंतर है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार के इसी कुशासन के विरोध में आज महिला कांग्रेस मौन धारण कर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष वर्षा रानी ठाकुर, पद्मिनी शर्मा, शारदा चंद्रवंशी, शारदा सोनवानी, गंगोत्री योगी, श्रीमती वतन मेरावी, मंजू बंगाली, कांति शेंदरे, रजनी गायकवाड़ प्रभा राय, सीमा मानिकपुरी, पार्वती सोनी, बेला शर्मा, चंद्रकला, मधु सहित महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## रक्तदान शिविर का आयोजन




**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में स्वास्थ्य जांच एवं नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई, जिसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, और अन्य बीमारियों की जांच शामिल थी। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच के बाद मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। निः शुल्क रक्तदान शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में एकत्रित रक्त को जरूरतमंद मरीजों के लिए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिविर में सहभागिता की और इसे सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उपस्थित नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का सकारात्मक कदम बताया।

# ग्राम लोहारडीह में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, गांव में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारडीह में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में ही एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चिल्फी पुलिस ने मृतक का शव तो बरामद कर लिया है लेकिन अभी तक उसकी सिनाख्त नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 9.00 बजे रोज की तरह अपने कामकाज के लिए निकले ग्राम लोहारडीह के ग्रामीणों के उस समय होश उड़ गए जब उन्होने गांव की सरहद में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव को देख डरे सहमे ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल कोटवार के माध्यम से चिल्फी पुलिस को दी। चिल्फी पुलिस भी बगैर देर किए मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के संबंध में मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ भी की गई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई और ना ही इस बात का पता लग पाया है कि अज्ञात व्यक्ति की मौत किन हालत और पस्थितियों में हुई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को बोड़ला शव गृह में रखवा दिया है और उसकी पतासाजी में जुट गई है। इस सबंध में चिल्फी पुलिस का कहना है कि मृतक की मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

**कवर्धा कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद की कार्रवाई, दुर्ग से कार बरामद**

# घर के परिसर से कार चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने लग्जरी कार चोरी के एक मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना के महज चार घंटों में लग्जरी कार चोरी करने वाले आरोपी को दबोचने में सफलता हांसिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अंकित अग्रवाल पिता कन्हैया अग्रवाल , आयु 32 वर्ष, निवासी मजगांव रोड, कवर्धा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 14 दिसम्बर 2024 की रात्रि लगभग 10.30 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की सीवीयू फोर्ड एंडेवर कार क्रमांक सीजी 09 जेएल 0009, कीमत 45,00,000 को अपने घर की बाउंड्री के अंदर पार्क किया था। कार की चाबी उसी में लगी हुई थी और घर का मुख्य गेट बंद था। अगले दिन 15 दिसम्बर 2024 को जब सुबह 10.00 बजे जब उन्होने बाहर आकर देखा, तो उनकी कार पार्किंग में नहीं थी। उन्होंने तुरंत घर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें पाया गया कि रात लगभग 9.20 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उनकी कार चोरी कर ले गया। प्रार्थी श्री अग्रवाल की इस शिकायत पर थाना कवर्धा में धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल के निर्देशन में थाना कवर्धा की टीम, साइबर सेल और क्राइम टीम दुर्ग ने संयुक्त अभियान चलाया। मामले की विवेचना के लिए थाना प्रभारी लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी आशीष कंसारी, एएसआई चंद्रकांत तिवारी, एचसी वैभव कल्चुरी, आरक्षक गज्जू सिंह राजपूत और कोतवाली से आरक्षक हिरेंद्र साहू को शामिल किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और प्रभावी प्रयासों से मात्र 4 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शुभासु उर्फ रवि जोगांस पिता रामानंद जोगांस आयु 27 वर्ष, निवासी बालेश्वर मंदिर के पास, सैगोना, थाना कवर्धा, के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कार को दुर्ग से बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता पुलिस की तत्परता, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। जिले में अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों को शीघ्र पकड़ने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना और मजबूत हुई है।

# आदिवासी ग्राम बेंदा में लायंस क्लब ने बांटे 170 टिफिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने गत रविवार को चिल्फी के निकट घने जंगल में स्थित वनग्राम बेंदा में 170 बैगा आदिवासी परिवारों को स्टील के टिफिन बॉक्स वितरित किए। ज्ञात हो कि हर वर्ष शीत ऋतु में क्लब की ओर से कंबल वितरित किए जाते हैं। इसी के तहत 1 दिसम्बर को वनग्राम पंडरीपानी में 280 कंबल बांटे गए थे।

इस वर्ष जोन चैयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल के सुझाव पर दैनिक उपयोग की वस्तु बांटने का निर्णय लिया गया। वितरण कार्य में लायन रूपेश केशरवानी, कृषक वन विकास समिति के हरीश यदु, सरपंच सरिता व महेश मेरावी और संजय लिखाटे ने बहुत ही सक्रिय सहयोग दिया और हर परिवार को उनके राशन कार्ड को देखकर टिफिन बांटे गए। रविवार को ही रायपुर से रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया और जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल आधिकारिक प्रवास पर थे। रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष रानू लूनिया और वरिष्ठ लायन शिवकुमार गुप्ता भी आए थे। आधिकारिक यात्रा पर आए अतिथियों ने सबसे पहले ग्राम मगरदा में स्थित ऑक्सी जोन लायन पार्क का अवलोकन किया, तत्पश्चात सब भोरमदेव मंदिर के दर्शन करते हुए बेंदा रवाना हुए।

वहाँ मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने कहा कि टिफिन आदिवासियों के लिए बहुउपयोगी वस्तु है व इसमें किसान मजदूर काम पर जाएं तो खाना वगैरह ले जा सकते हैं।

### राज्य स्थापना के 25 साल बाद भी कुण्डा को नहीं मिला नगर पंचायत का दर्जा

# आखिर कब बनेगा ग्राम पंचायत से नगर पंचायत कुण्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुण्डा को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग एक बार फिर उठने लगी है। हालांकि आबादी व जरूरत को देखते हुए इसे नगर पंचायत बनानें की घोषणा तात्कालिक कांग्रेस शासनकाल में कर दी गई है। जिनमें ग्राम पंचायत कुण्डा शामिल हैं। यह घोषणा किसी और ने नहीं बल्कि खुद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी। कांग्रेस शासन काल में पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक क्षेत्र के लोगों को लेकर स्वयं मुख्यमंत्री के पास गई थी। इसी बीच सीएम हाउस रायपुर में ही इसकी घोषणा की गई थी। लेकिन यह अब तक केवल घोषणा तक ही सीमित रह गया है। जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं दिख रहा है। बताया जाता है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक की मांग पर एक कार्यक्रम के दौरान सीएम हाउस रायपुर में इसकी घोषणा की थी। जिसके बाद से क्षेत्र में काफी खुशी भी मनाई गई थी और तात्कालिक कांग्रेस सरकार ने इसकी जमकर श्रेय भी लिया था। माना जा रहा है कि अगर कुण्डा को ग्राम पंचायत से उन्नयनकर नगर पंचायत बना दिया जाता है तो ग्राम पंचायत की तुलना में इसका विकास ज्यादा तेजी से होगा और फंड भी अधिक मिलते हैं। लेकिन लोगों को जिस उम्मीद के साथ विश्वास दिलाया गया था उस उम्मीद को कांग्रेस सरकार ने पूरा नहीं किया।

जिसका मलाल आज भी कुण्डा क्षेत्रवासियों में साफ दिखाई दे रहा है। कुण्डा के बासिंदों ने इस दिशा में मौजूदा भाजपा सरकार व पण्डरिया विधायक भावना बोहरा से नगर पंचायत कुण्डा बनवाने की मांग की है ।

**नपं बनाने के बाद लोगों की समस्याओं का होगा समाधान**




ग्राम पंचायत कुण्डा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद से कुण्डा के लोगों की समस्याओं का समाधान, निराकरण बड़ी आसानी से हो पाएगा। वार्डवासियों को पेयजल, बिजली, सड़क की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही नगर पंचायत बनने के बाद कुण्डा में बस स्टैंड जैसी कई विकास कार्यों को लेकर प्रशासन की नजर रहेगी, जिससे कुण्डा का समुचित विकास हो पाएगा।

## विधायक ने कुई-कुकदुर में बिजली आपूर्ति एवं राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को विधानसभा में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 2024 16 दिसम्बर से शुरू हुआ है जो 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। सत्र के पहले दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सदन में विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर के विद्युतविहीन क्षेत्रों एवं जहां पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है व बिल में अनियमितता की शिकायतें हैं उसके संबंध में विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विषय को सदन में रखा। सत्र के पहले दिन भावना बोहरा ने सदन में 4 प्रश्न किये जिसमें उर्जा विभाग, राजस्व विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में नवीन विद्युत उप केन्द्रों के सन्दर्भ में प्रश्न किए। वही विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में प्रश्न किया कि वर्तमान में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुई कुकदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत अमनिया अंतर्गत ग्राम सेजाडीह, ग्राम पंचायत कांदावानी अंतर्गत ग्राम अंजनू, कांदावानी, कान्हाखैरा, ठेंगाटोला, धूरसी, भल्लीनदादर, रुख्मीददार, ग्राम पंचायत तेलियापानी अंतर्गत तिनगड्डा, माराडबरा, ग्राम पंचायत बि र हु ल डी ह अंतर्गत ग्राम गभोड़ा एवं ग्राम पंचायत छिंदीडीह अंतर्गत ग्राम छिंदीडीह क्या विद्युतविहीन हैं? यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्युतविहीन ग्रामों हेतु विद्युत पहुंचाने की कोई योजना संचालित अथवा प्रस्तावित है तो उसकी जानकारी एवं यदि योजना संचालित है तो उक्त योजनांतर्गत उपरोक्त उल्लेखित विद्युतविहीन ग्रामों तक विद्युत पहुंचाने का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा? इसके संबंध में विभाग द्वारा प्रश्न के प्रतिउत्तर में बताया गया कि उल्लेखित सभी ग्राम ग्रिड-ऑफ ग्रिड सोलर के माध्यम से विद्युतीकृत हैं जहाँ बिजली की आपूर्ति की जा रही है। भावना बोहरा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जाना इन सोलर के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जा रही है पर बहुत सी जगहों पर अनियमितता है। बहुत से ऐसे ग्राम हैं जहाँ बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति की जा रही है जैसे धुरसी, कान्हाखैरो, ठेंगाटोला वहीं क्रेडा विभाग द्वारा सौर उर्जा के माध्यम से ग्राम गभोड़ा, कांदावानी, रुखमीदार, भल्लिनदादर, अंजनू, छिन्दीडीह, सेजाडीह, मराडबरा एवं तीनगड्डा जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति हेतु लगाए गए सौर पैनल एवं बैटरी में खराबी की शिकायतें भी मिली हैं जिन्हें जल्द दुरुस्त करने के लिए भावना बोहरा ने विभाग के संज्ञान में लाया। उन्होंने पंडरिया विधानसभा में जनता को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति हेतु प्रमुखता से प्रश्न उठाते हुए कहा कि वर्तमान में पंडरिया विधानसभा में क्षमता अनुसार क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा क्या कोई नवीन उप केंद्र का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, यदि किया जाना है तो किन-किन स्थानों पर कितनी क्षमता के विद्युत उप केंद्र प्रस्तावित है और इनके स्थापना का कार्य कब तक शुरू कर पूर्ण कर लिया जाएगा। इस विषय में विभाग द्वारा उत्तर देते हुए बताया कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वर्तमान क्षमता को देखते हुए कुल 5 ग्रामों में नवीन उपकेंद्रों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके तहत ग्राम उड़ियाकला (कारेसरा) में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र 3.15 एमव्हीए एवं ग्राम पौनी भुवालपुर, दुबहा तथा कोयलारीडीह में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र 5 एमव्हीए के नवीन उपकेंद्रों की स्थापना जल्द ही की जाएगी।

## त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन और नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के समग्र कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। चुनाव प्रक्रिया की प्रत्येक बारीकी पर ध्यान केंद्रित करते हुए मास्टर ट्रेनर्स को आगामी चुनावों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त, आरबी देवांगन सहित अधिकारी उपस्थित थे। सहायक संचालक एमके गुप्ता ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आगामी चुनावों में निर्वाचन कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स का यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया को सटीक और बिना किसी अड़चन के संचालित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में सबसे प्रमुख चर्चा पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों के कार्यों पर केंद्रित रही। अधिकारियों को बताया गया कि मतदान के दिन उन्हें किस प्रकार से अपनी जिम्मेदारियां निभानी हैं, साथ ही मतदान केंद्र पर जाने से लेकर वोटिंग की प्रक्रिया तक प्रत्येक चरण की जिम्मेदारी को सही तरीके से निभाने के लिए उन्हें किस प्रकार तैयार रहना होगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि पीठासीन अधिकारी को मतदान के दौरान किस तरह के नियमों का पालन करना होता है, और किन परिस्थितियों में उन्हें अतिरिक्त कार्रवाई करनी पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों पर होने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं और निगरानी को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी गई। श्री गुप्ता ने मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर मतदान के बाद की प्रक्रिया तक, जैसे कि वोटों की गिनती और परिणामों की घोषणा तक, प्रत्येक चरण को समझाया गया। साथ ही, चुनाव के दौरान प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी, दायित्व और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की बात भी की गई। इसके अलावा निर्वाचन के दौरान अधिकारियों को ध्यान रखने योग्य सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। जैसे कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए, और किसी भी स्थिति में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए किस प्रकार की सावधानी बरतनी होगी। सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्टता बनाए रखने और निर्वाचन की प्रक्रिया को निर्बाध और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रेरित किया गया।







